छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची

जुलाई, 2021 सत्र

गुरूवार, दिनांक 29 जुलाई, 2021

तारांकित प्रश्नोत्तर

हरित क्रांति योजना व राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत धान एवं मक्के के बीज की खरीदी

1. (*क्र. 599) **श्री अरूण वोरा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) हरित क्रांति योजना व राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से वर्ष 2019 एवं 2020 में प्रदेश के कितने किसानों ने धान व मक्के के हाईब्रिड बीज की खरीदी की? (ख) प्रदेश में कितने हेक्टेयर भूमि पर मक्के की खेती होती है? किसानों से मक्का खरीदी प्रति क्विंटल किस दर से की जाती है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) हरित क्रांति विस्तार योजना में 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों द्वारा हाईब्रिड धान बीज खरीदी का प्रावधान है. जिसके तहत वर्ष 2019 में 1,974 एवं वर्ष 2020 में 2,259 किसानों द्वारा हाईब्रिड धान बीज की खरीदी की गई है. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में किसानों द्वारा धान एवं मक्का हाईब्रिड बीज तथा हरित क्रांति विस्तार योजना में मक्का हाईब्रिड बीज की खरीदी का प्रावधान नहीं है. (ख) प्रदेश में मक्के का वर्ष 2019-20 का क्षेत्रफल 1,30,433 हेक्टेयर एवं वर्ष 2020-21 का अनुमानित क्षेत्रफल 1,44,466 हेक्टेयर है. भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से मक्का की खरीदी खरीफ वर्ष 2019-20 में रु. 1760/- तथा खरीफ वर्ष 2020-21 में रु. 1850/- प्रति क्विंटल की दर से की गई है.

प्रदेश में संचालित विभिन्न पेंशन योजना

2. (*क्र. 653) **श्री डमरूधर पुजारी** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में विभाग द्वारा पेंशन की कौन-कौन सी योजना चलाई जा रही है? इसमें कितनी राशि केन्द्रांश व कितनी राशि राज्यांश की है तथा हितग्राहियों को पेंशन योजनांतर्गत कितनी राशि दी जाती है? (ख) जन घोषणा पत्र 2018 जिसे राज्य सरकार के द्वारा आत्मसात किया गया है उसके अनुसार क्या पेंशन की राशि विभिन्न योजना में बढ़ायी गई है? यदि हां, तो कितनी बढ़ायी गई है व यदि नहीं, तो कब तक बढ़ायी जावेगी? (ग) बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में उक्त योजनाओं अंतर्गत कितने पेंशन हितग्राही है व इनको कब तक पेंशन का भुगतान कर दिए हैं व लंबित पेंशन का भुगतान कब तक किया जावेगा?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) प्रदेश में सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाएं एवं प्रतिमाह दी जा रही पेंशन राशि की जानकारी केन्द्रांश व राज्यांश सहित निम्नानुसार है :–

क्र.	योजना का नाम	पेंशन दर (प्रतिमाह प्रति हितग्राही)		
		केन्द्रांश	राज्यांश	कुल
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना			
	60-79 आयुवर्ग –	200/-	150/-	350/-
	80 वर्ष या अधिक –	500/-	150/-	650/-
2.	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना	300/-	50/-	350/-

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
3.	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना	300/-	200/-	500/-
4.	सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना	-	350/-	350/-
5.	सुखद सहारा योजना	-	350/-	350/-
6.	मुख्यमंत्री पेंशन योजना	-	350/-	350/-

(ख) इन योजनाओं की पेंशन राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है. समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है. (ग) बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में उक्त योजनाओं के अन्तर्गत 38,184 हितग्राही है व माह जून, 2021 तक की पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है. कोई भी भुगतान लंबित नहीं है.

ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी हेतु आयोजित परीक्षा हेतु अभ्यार्थियों का चयन

3. (*क्र. 579) **श्री सन्तराम नेताम** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी के द्वारा प्रदेश में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी के 348 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन किस दिनांक को जारी किया गया, परीक्षा किस तिथि को आयोजित की गई एवं परिणाम कब घोषित किए गए? (ख) प्रश्नांक "क" की परीक्षा हेतु जारी प्रतीक्षा सूची दिनांक 28 अगस्त, 2019 में से कितने चयनित अभ्यार्थियों ने पदभार ग्रहण किया? उक्त प्रतीक्षा सूची में सभी चयनित अभ्यार्थियों के पदभार ग्रहण नहीं करने के कारण वर्तमान में पूर्ति हेतु किस-किस संवर्ग के कितने पद रिक्त हैं? उक्त शेष रिक्त पदों की पूर्ति कब तक चयनित अभ्यार्थियों की मेरिट सूची में से की जावेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी के 348 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन दिनांक 05-07-2017 को जारी किया गया. दिनांक 13 अगस्त, 2017 को परीक्षा आयोजित की गई एवं दिनांक 28-10-2017 को परिणाम जारी किया गया. (ख) प्रश्नांश "क" की परीक्षा हेतु कोई प्रतीक्षा सूची जारी नहीं हुई है. शेष भाग का प्रश्न उपस्थित नही होता.

गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर की कमी, चोरी होने तथा पानी में बह जाने की शिकायतों पर कार्यवाही

4. (*क्र. 648) **श्री धरमलाल कौशिक** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है, कि प्रदेश में गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर की कमी, चोरी होने व पानी से बह जाने इत्यादि की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हां, तो क्या-क्या शिकायतें कब-कब प्राप्त हुई है व उन पर क्या कार्यवाही की गई है? जिलेवार जानकारी देवें? क्या यह सही है, कि बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में भी उक्तानुसार शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो क्या शिकायत प्राप्त हुई है? (ख) गोबर खरीदी केन्द्रों में योजना प्रारंभ से प्रश्न दिनांक की स्थिति में कितना गोबर खरीदा गया है? कितने गोबर का भुगतान किया गया हैं व कितना भुगतान शेष है? जिलेवार जानकारी देवें? कितने खाद का व अन्य सामग्री का निर्माण हुआ है, कितने की बिक्री हुई है, कितना बिक्री हेतु शेष है, जिलेवार जानकारी देवें? (ग) खाद बिक्री हेतु स्व सहायता समूह को कितनी राशि दिए जाने के क्या नियम हैं व नियमानुसार कितनी राशि का भुगतान किया जाना था, कितने का भुगतान किया गया है व कितने का शेष है तथा कब तक भुगतान कर दिया जावेगा? जिलेवार जानकारी देवें?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जी हां. प्रदेश के 4 जिलों में गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर की चोरी होने व पानी में बह जाने इत्यादि की शिकायतों पर की गई कार्यवाही का जिलेवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में उक्ताशय से संबंधित कोई शिकायत विभाग को प्राप्त नहीं हुई है. (ख) गोबर खरीदी केन्द्रों में योजना प्रारंभ से प्रश्नांक दिनांक तक की स्थिति में 4,86,904.86 टन गोबर खरीदा गया है, जिसके विरूद्ध रु. 9,709.71 लाख का भुगतान किया गया है तथा रु. 28.48 लाख का भुगतान प्रक्रियाधीन है. जिलेवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. क्रय गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट तथा अन्य सामग्री का उत्पादन, विक्रय तथा शेष मात्रा का जिलेवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ग) खाद बिक्री हेतु स्व सहायता समूहों को लाभांश राशि का 85% तथा प्रति कि.ग्रा. पैकेजिंग लागत रु. 0.65 की दर से भुगतान का प्रावधान है. स्व-सहायता समूहों को देय राशि, भुगतान की गई राशि, भुगतान हेतु शेष राशि एवं लंबित राशि का भुगतान प्रक्रियाधीन है. जिलेवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है.

† परिशिष्ट "एक"

जल संसाधन विभाग के अस्थाई संभागीय कार्यालय

5. (*क्र. 321) **श्री सत्यनारायण शर्मा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जल संसाधन विभाग में कितने संभागीय कार्यालय कब से अस्थाई हैं? (ख) इन्हें स्थाई न करने के क्या कारण हैं?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) कुल 34 संभागीय कार्यालय सृजन होने के दिनांक से अस्थाई है, जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) स्थाईकरण का प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है.

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी व मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र

6. (*क्र. 638) **श्री राजमन बेंजाम** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र हैं और इनमें से कितने केन्द्र निजी भवन में संचालित हैं? (ख) कितने आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों की रंगाई-पोताई की गयी और कितने केन्द्रों के भवन जर्जर अवस्था में है? विकासखण्डवार और वर्षवार (2019-20 और 2020-21 हेतु) जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) चित्रकोट विधानसभा अंतर्गत 737 आंगनबाड़ी केन्द्र और 35 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र है और इनमें से 34 आंगनबाड़ी केन्द्र एवं 12 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र निजी भवन (किराये के भवन) में संचालित है. (ख) 545 आंगनबाड़ी केन्द्रों की रंगाई पोताई की गई है और 41 आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन जर्जर अवस्था में है. विकासखण्डवार और वर्षवार (2019-20 और 2020-21 हेतु) जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है.

जल संसाधन विभाग में रिक्त पदों की भर्ती हेतु कार्यवाही

7. (*क्र. 591) **श्री बृजमोहन अग्रवाल** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है, कि जल संसाधन विभाग में सिंचाई का रकबा विगत दस वर्षों से लगातार बढ़ रहा है और कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या प्रतिवर्ष घट रही है? (ख) यदि हां, तो विभाग में रिक्त पदों की भर्ती हेतु वर्तमान में क्या कार्यवाही की जा रही है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जी हां. (ख) विभाग में सहायक अभियंता (सिविल) एवं (वि.यां.) के रिक्त पदों की भर्ती हेतु छ.ग. लोक सेवा आयोग, रायपुर को प्रस्ताव भेजा गया है, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के रिक्त पदों की पूर्ति व्यवसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर के माध्यम से किये जाने बाबत् वित्त विभाग से अनुमति चाही गयी है. वर्तमान में कार्यवाही छ.ग. लोक सेवा आयोग, रायपुर एवं वित्त विभाग में प्रक्रियाधीन है.

प्रदेश में वर्मी कम्पोस्ट खाद का निर्माण एवं विक्रय

8. (*क्र. 607) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में गोधन न्याय योजना प्रारंभ तिथि से अब तक कितनी मात्रा में गोबर की खरीदी की गई और इससे कितनी-कितनी मात्रा में वर्मी खाद का उत्पादन किया गया? जिलेवार ब्यौरा दें? (ख) कंडिका "क" के कार्य में कितने स्व-सहायता समूहों को कार्य आबंटित है? किन-किन शर्तों के तहत, वर्मी कम्पोस्ट खाद के विरूद्ध अब तक इन्हें कुल कितनी राशि का भुगतान किया गया? (ग) कंडिका "क" के वर्मी कम्पोस्ट खाद के विक्रय हेतु पेकिंग के लिए कितनी मात्रा में किस दर पर बोरियां खरीदी गई? सप्लाईकर्त्ता फर्म/कंपनी का नाम बतावें एवं उन्हें भुगतान की गई राशि का ब्यौरा दें?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) प्रदेश में गोधन न्याय योजना प्रारंभ तिथि 20-07-2020 से प्रश्न दिनांक तक हितग्राहियो से 4,86,904.86 टन गोबर की खरीदी की गई है एवं इससे 60,905.00 टन वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया गया है. जिलेवार विवरण ‡ संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) कंडिका "क" की अवधि में गोधन न्याय योजनान्तर्गत 6,080 स्व-सहायता समूहों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया जा रहा है. वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन हेतु स्व सहायता समूहों को वर्मी कम्पोस्ट की विक्रय मात्रा अनुसार प्रति कि.ग्रा. लाभांश राशि रु. 3.27 तथा प्रति कि.ग्रा. पैकेजिंग लागत रु. 0.65 की दर से भुगतान का प्रावधान है, जिसके अनुसार रु. 779.53 लाख का भुगतान स्व सहायता समूहों को किया जा चुका है. (ग) गोधन न्याय योजनांतर्गत उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय हेतु पैकिंग के लिए बोरियों की खरीदी कृषि विभाग द्वारा की जाती है. अतः जानकारी निरंक है.

---

† परिशिष्ट "दो" †† परिशिष्ट "तीन" ‡ परिशिष्ट "चार"

रायगढ़ जिला अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा सामग्री/उपकरण क्रय

9. (*क्र. 92) **डॉ. प्रकाश शक्राजीत नायक** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायगढ़ जिले मे समाज कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2019 से दिनांक 01-07-2021 तक किन-किन मदों में क्या-क्या सामग्री/उपकरण किस-किस प्रयोजन हेतु किन-किन एजेंसियों से कितनी-कितनी दर से क्रय किए गए हैं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय कृषि विकास रफ्तार योजना अंतर्गत पैक हाउस एवं शेडनेट हाउस निर्माण हेतु कृषकों को प्रदत्त राशि

10. (*क्र. 550) **श्री चंदन कश्यप:** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला नारायणपुर, कोण्डागांव एवं बस्तर में विगत दो वर्षों से राष्ट्रीय कृषि विकास रफ्तार योजना के तहत कितने कृषकों को पैक हाउस एवं शेडनेट हाउस निर्माण हेतु कितनी-कितनी राशि प्रदाय की गयी? वर्षवार कृषकों की सूची उपलब्ध करावें? (ख) क्या कंडिका "क" अनुसार योजना के संचालन या अन्य किसी विषय पर कोई शिकायत हुई या विभाग के संज्ञान में आयी है? यदि हां, तो शिकायत में किसे दोषी पाया गया तथा क्या कार्यवाही की गई?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) राष्ट्रीय कृषि विकास रफ्तार योजना के तहत नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में विगत दो वर्षों तथा वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 पैक हाउस एवं शेडनेट हाउस से लाभान्वित कृषकों की संख्या एवं प्रदायित अनुदान राशि का वर्षवार विवरण निम्नानुसार है :–

वर्ष	घटक	लाभान्वित कृषक संख्या	देय अनुदान राशि (रु. लाख में)
2019-20	शेडनेट हाउस	7	56.80
	पैक हाउस	17	34.00
2020-21	शेडनेट हाउस	3	28.40
	पैक हाउस	30	59.76

वर्षवार लाभांवित कृषकों की सूची †† संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) जी हां, कंडिका "क" अनुसार शेडनेट एवं पैक हाउस निर्माण के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई है. शिकायतों की जांच संबंधी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

जिला बस्तर अंतर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत कृषकों को वितरीत सामग्री

11. (*क्र. 567) **श्री बघेल लखेश्वर:** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बस्तर में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत वर्ष 2019-20 से दिनांक 05-07-2021 तक कितने किसानों/ग्रामीणों को क्या-क्या सामग्री कितनी मात्रा में प्रदान की गई? विकासखण्डवार तथा वर्षवार जानकारी देवें? (ख) प्रश्नांश "क" के परिप्रेक्ष्य में वितरित की गई सामग्रियों का क्रय किन-किन एजेंसियों से किया गया? तथा क्या इन सामग्रियों के क्रय में विभागीय प्रक्रियाओं व भण्डार क्रय नियमों का पालन किया गया?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जिला बस्तर में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत वर्ष 2019-20 एवं वर्ष 2020-21 में क्रमशः 5447 एवं 3700 किसानों/ग्रामीणों को सामग्री प्रदान की गई है. प्रदायित आदान सामग्री का वर्षवार विकासखण्डवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. वर्ष 2021-22 में सामग्री प्रदाय नहीं की गई है. (ख) प्रश्नांश "क" अनुसार वितरित की गई सामग्रियों का क्रय छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम से किया गया है. सामग्रियों के क्रय में विभागीय प्रक्रियाओं व भण्डार क्रय नियम का पालन किया गया है.

† परिशिष्ट "पांच" †† परिशिष्ट "छः"

बलौदा बाजार-भाटापारा जिले में एनीकटों का निर्माण

12. (*क्र. 372) **श्री प्रमोद कुमार शर्मा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2019-20 से वर्ष 2020-21 तक बलौदा बाजार-भाटापारा जिले में कितने एनीकटों का निर्माण किया गया? इनमें कितनी राशि व्यय हुई? (ख) कितने एनीकटों का निर्माण घटिया पाया गया? निर्माण पर कितनी राशि व्यय हुई थी? एनीकटों के नाम दें? (ग) घटिया निर्माण पर शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) प्रश्नाधीन जिले में ग्राम पांहदा विकासखण्ड बलौदाबाजार में सिर्फ 01 मुड़ियाडीह एनीकट का निर्माण किया गया. इसमें कुल 2422.58 लाख राशि व्यय हुई. (ख) एनीकट का निर्माण घटिया नहीं पाया गया, अतः शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है. (ग) शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

जांजगीर चांपा जिले में महिला स्व सहायता समूह द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु पोषण आहार का प्रदाय

13. (*क्र. 625) **श्री नारायण चंदेल** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले में पिछले व इस वर्ष में दिनांक 06-07-2021 तक कितनें महिला स्व सहायता समूह द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु पोषण आहार प्रदाय किया गया? समूह के चयन हेतु चयन का आधार क्या है? इस हेतु विज्ञापन कब निकाला गया? (ख) उक्त जिले में कितने समूहों नें आवेदन दिया तथा कितने की जांच/भौतिक सत्यापन किस-किस के द्वारा कब-कब किया गया?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) जांजगीर-चांपा जिले में पिछले वर्ष में 425 (348 महिला स्व सहायता समूहों द्वारा गर्म भोजन व 77 महिला स्व सहायता समूहों द्वारा रेडी टू ईट फूड) व इस वर्ष में दिनांक 06-07-2021 तक 72 महिला स्व सहायता समूहों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट फूड, का प्रदाय किया जा रहा है. रेडी टू ईट प्रदायकर्त्ता महिला स्व सहायता समूहों का चयन छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर का पत्र क्रमांक एफ 3-109/2013/50 दिनांक 03-12-2019 में दिये गए निर्देश के आधार पर किया गया जाता है. राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. रेडी टू ईट समूहों के चयन हेतु दिनांक 30-07-2020 (दिनांक 11-08-2020 को निरस्त), दिनांक 24-08-2020, दिनांक 29-08-2020 दिनांक 31-08-2020 दिनांक 01-09-2020, दिनांक 02-09-2020, दिनांक 03-09-2020 व दिनांक 14-06-2021 को विज्ञापन निकाला गया. (ख) जांजगीर-चांपा जिले में रेडी टू ईट आपूर्ति हेतु 420 महिला स्व सहायता समूहों द्वारा आवेदन दिया जिसमें से दिनांक 30-07-2020 को जारी विज्ञापन में 04 आवेदन प्राप्त हुये थे जो दिनांक 11-08-2020 को निरस्त किया गया. बाल विकास परियोजना नवागढ़ के 23 आवेदन पत्रों का दिनांक 02-07-2021, 22 आवेदन पत्रों का दिनांक 12-07-2021 एवं मालखरौदा के 12 आवेदन पत्रों का 08-07-2021 को जांच व भौतिक सत्यापन की कार्यवाही अंतर विकासखंड स्तरीय समिति जिसमें शामिल परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक एवं लेखा शाखा प्रभारी सदस्यों द्वारा किया गया है तथा शेष 359 आवेदन पत्रों के सत्यापन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

प्रदेश में संचालित उद्योगों से लंबित जलभार राशि की वसूली

14. (*क्र. 5) **श्री कुलदीप जुनेजा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 23-06-2021 की स्थिति में प्रदेश में उद्योगों से कितनी जलभार राशि वसूली हेतु लंबित है? (ख) बकाया राशि की वसूली हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) दिनांक 23-06-2021 की स्थिति में प्रदेश में उद्योगों से राशि रु. 2529.11 करोड़ जलभार राशि वसूली हेतु लंबित है. (ख) बकाया राशि की वसूली हेतु संस्थानों को लगातार पत्राचार के माध्यम से सूचित करने तथा नोटिस द्वारा लंबित राशि जमा कराने हेतु त्वरित कार्यवाही की जा रही है.

ग्राम कुसमी, विकासखण्ड बेरला में पोल्ट्री फर्म की स्थापना

15. (*क्र. 631) **श्री आशीष कुमार छाबड़ा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पोल्ट्री फार्म की स्थापना हेतु किस-किस विभाग से अनुज्ञा लेना अनिवार्य है तथा स्थापना के क्या मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं? (ख) बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुसमी, विकासखण्ड बेरला में संचालित यूनिवर्सल तथा च्वाईस हेचर पोल्ट्री फार्म के द्वारा प्रश्नांश "क" के अनुसार किस-किस विभाग से अनुज्ञा प्राप्त की एवं किन-किन मापदण्ड को पूरा करने के उपरान्त उन्हें कब स्थापना की अनुमति प्रदान की गई है? (ग) क्या ग्राम पंचायत से भी अनुमति

† परिशिष्ट "सात"

का प्रावधान है? यदि हां, तो संबंधित ग्राम पंचायतों के द्वारा अनुमति कब दी गई? यदि नहीं, तो अनुमति का आधार क्या था? (घ) क्या उक्त दोनों फर्मों के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई है? यदि हां, तो क्या एवं उस पर क्या कार्यवाही की गई?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) पोल्ट्री फार्म की स्थापना हेतु विभागों से अनुज्ञा लिये जाने का प्रावधान नहीं है, तथा विभाग द्वारा स्थापना के मापदण्ड निर्धारित नहीं किए गए है. (ख) बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुसमी, विकासखण्ड बेरला में संचालित यूनिवर्सल हेचरीज प्रायवेट लिमिटेड कुसमी तथा च्वाईस हेचरीज प्रायवेट लिमिटेड कुसमी, द्वारा प्रश्नांक "क" के अनुसार विभागों से अनुज्ञा प्राप्त नहीं की गई. (ग) जी नहीं. ग्राम पंचायत से अनुमति नहीं दी जाती है किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के अंतर्गत संबंधित ग्राम पंचायत कुसुमी विकासखण्ड बेरला, जिला बेमेतरा के द्वारा दिनांक 15-02-2018 को यूनिवर्सल हेचरीज प्रायवेट लिमिटेड कुसमी तथा च्वाईस हेचरीज प्रायवेट लिमिटेड कुसुमी, विकासखण्ड बेरला, जिला बेमेतरा को अनापत्ति प्रदाय की गई है. (घ) जी हां. ग्रामीणों के द्वारा ग्राम कुसुमी के दोनों फर्मों के खिलाफ, फार्म में ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन ठीक नहीं होने, दुर्गंध आने एवं मक्खियों के प्रकोप के संबंध में शिकायत की गई है. शिकायत के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी बेरला जिला-बेमेतरा के द्वारा पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ विकासखंड बेरला एवं पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, पशु चिकित्सालय बेरला के माध्यम से जांच करायी गई, जांच प्रतिवेदन के आधार पर ज्ञापन दिनांक 12-07-2021 के द्वारा दोनों फार्मों में ठोस एवं जलीय अपशिष्ट निस्तारीकरण व्यवस्था की कमी, कीट प्रकोप की समस्या एवं शेड में गंदगी के संबंध में छ.ग., पर्यावरण संरक्षण मंडल दुर्ग को नियमानुसार कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित कर कलेक्टर जिला-बेमेतरा को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. कलेक्टर जिला-बेमेतररा के द्वारा सदस्य सचिव छ.ग. पर्यावरण मण्डल रायपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है.

प्रदेश में दिव्यांगों हेतु संचालित योजनाएं

16. (*क्र. 619) **श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शारीरिक दिव्यांग एवं मानसिक दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कौन-कौन सी कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं? (ख) क्या दिव्यांगों की उक्त कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए गरीबी रेखा के नीचे की सूची में होना अनिवार्य है? (ग) एपीएल में रहने वाले या सामान्य वर्ग के मानसिक दिव्यांग या शारीरिक दिव्यांग व्यक्ति के लिए शासन की योजनाओं के लाभ हेतु क्या व्यवस्था की गई है? (घ) दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कौन-कौन सी नयी योजनाएं बनाई जा रही है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) शारीरिक एवं मानसिक दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण हेतु निम्नलिखित विभागीय योजनाएं संचालित है :–

1. निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना
2. कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना
3. सामर्थ्य विकास योजना
4. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना
5. सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना
6. घरौंदा योजना
7. निःशक्तजन छात्रवृत्ति योजना
8. निःशक्तजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना
9. निःशक्तजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना
10. निःशक्तजन छात्रगृह योजना
11. शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम
12. स्वरोजगार हेतु ऋण प्रदाय योजना
13. तीरथ बरत योजना

(ख) प्रश्नांश "क" के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना को छोड़कर शेष योजनाओं में गरीबी रेखा से नीचे की सूची में होना अनिवार्य नहीं है. (ग) प्रश्नांश "क" के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना को छोड़कर शेष सभी योजनाओं से एपीएल में रहने वाले या सामान्य वर्ग के मानसिक या शारीरिक दिव्यांग व्यक्तियों के लिए शासन के मापदण्ड अनुसार लाभान्वित किए जाने की व्यवस्था है. (घ) वर्तमान में विभाग द्वारा कोई भी नवीन योजना नही बनाई जा रही है.

राजनांदगांव जिले में कृषकों को फसल बीमा राशि का वितरण

17. (*क्र. 634) **श्रीमती छन्नी चन्दू साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले में पिछले तीन वर्षों में कुल कितने किसानों ने अपनी फसल बीमा किन-किन बीमा कंपनियों से कराया? विकासखण्डवार बतावें? (ख) प्रश्नांक "क" की अवधि में इन बीमा कंपनियों द्वारा कितने किसानों को बीमा की कुल कितनी राशि का वितरण किया गया है? कितने किसानों को बीमा की राशि नहीं दी गई है? नहीं देने का क्या कारण है? विकासखण्डवार बतावें?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) विगत तीन वर्ष यथा वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 के खरीफ एवं रबी मौसम में राजनांदगांव जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत तहसीलवार बीमित कृषक एवं क्रियान्वयक बीमा कंपनी की जानकारी क्रमशः † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" पर है. (ख) प्रश्नांकित अवधि में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत दावा भुगतान हेतु पात्र कृषक संख्या, भुगतान की गई दावा राशि, दावा भुगतान हेतु अपात्र बीमित कृषक एवं अपात्र होने का कारण सहित तहसीलवार जानकारी क्रमशः † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" पर है. फसल बीमा योजना में विकासखण्डवार जानकारी संधारित नहीं की जाती है.

घटोई जलाशय के प्रभावित क्षेत्र के किसानों को मुआवजा का प्रदाय

18. (*क्र. 684) **श्री रामकुमार यादव** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के विकासखण्ड डभरा में घटोई जलाशय का निर्माण कब किया गया एवं उसके प्रभावित क्षेत्र में कौन-कौन से गांव आते हैं? (ख) जलाशय निर्माण के समय क्या किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है? यदि हां, तो कितना? विवरण ग्रामवार देवें? (ग) प्रभावित ग्रामों के किसानों को क्या मुआवजा पूर्णतः प्रदान कर दिया गया है? यदि हां तो कितना एवं यदि नहीं तो क्यों? (घ) प्रभावित किसानों को कब तक शेष मुआवजा को प्रदान किया जावेगा?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के विकास खण्ड डभरा में घटोई जलाशय का निर्माण सन् 1992 में किया गया. इस जलाशय डूबान में केकराभाठा, कबारीपाली, कांसा, कटौद, कोटमी एवं नहर निर्माण में बड़े कटेकोनी, कासा, ठाकुरपाली एवं सेमराडीह प्रभावित क्षेत्र में आते है. (ख) जी हां. जलाशय के निर्माण के समय अधिग्रहित जमीन का विवरण †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ग) जी नहीं. घटोई जलाशय के निर्माण में अवार्ड पारित भूमि 110.557 हेक्टेयर की मुआवजा राशि रु. 36.158 लाख में से ग्राम कांसा के 11 कृषकों के 5.465 हेक्टेयर राशि रु. 27.75 लाख को छोड़कर, बाकी सभी को मुआवजा भुगतान किया जा चुका है. इन 11 कृषकों के मुआवजा संबंधी विवाद माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण भुगतान नहीं किया गया है. इसके अतिरिक्त जलाशय के शीर्ष कार्य के अंतर्गत केकराभाठा के` 01 कृषक का 0.769 हेक्टेयर छुटे हुये भूमि का भू-अर्जन प्रकरण अवार्ड पारित हेतु प्रक्रियाधीन होने के कारण संबंधित मुआवजा शेष है. (घ) भू-अर्जन एक अर्द्ध न्यायिक प्रक्रिया है अतः समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है. प्रभावित केकराभाठा के 01 कृषकों के 0.769 हेक्टेयर की मुआवजा राशि का भुगतान अवार्ड पारित होने के पश्चात् तथा ग्राम कांसा के 11 कृषकों के 5.465 हेक्टेयर की मुआवजा राशि के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय से निर्णय उपरांत ही प्रदान किया जा सकेगा.

प्रदेश में सिंचाई सुविधा

19. (*क्र. 660) **श्री विद्यारतन भसीन** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01 जनवरी, 2001, 01 दिसम्बर, 2018 व 30 जनवरी, 2021 की स्थिति में प्रदेश में सिंचाई सुविधा कितने हेक्टेयर व कितने प्रतिशत थी तथा इसमें कितनी सिंचाई नहर, तालाब, ट्यूबवेल व अन्य साधनों से की जा रही है? इसमें वास्तविक सिंचाई व सृजित सिंचाई की जानकारी जिलेवार देवें? (ख) इस वित्तीय वर्ष में कौन-कौन सी व कितने राशि की वृहद/मध्यम सिंचाई परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है तथा कौन-कौन सी परियोजनाओं का सर्वे कार्य चल रहा है व किसका पूर्ण हो गया है? बोधघाट परियोजना का कार्य कब तक प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है व इसकी अद्यतन स्थिति क्या है? क्या ग्राम वासियों द्वारा विरोध किया गया है? यदि हां, तो किन-किन ग्रामों के वासियों के द्वारा व क्यों?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) 01 जनवरी 2001, 01 दिसम्बर, 2018 व 30 जनवरी 2021 की स्थिति में प्रदेश में सृजित सिंचाई क्षमता क्रमशः 13.34 लाख हेक्टेयर, 20.93 लाख हेक्टेयर तथा 21.29 लाख हेक्टेयर थी, जो क्रमशः 23.05%, 36.54% तथा 38.44% होती है. वर्तमान में विभाग अंतर्गत वर्ष 2020-21 में सिंचाई नहर, तालाब, ट्यूबवेल व अन्य साधनों से 12.66 लाख हेक्टेयर खरीफ तथा 0.92 लाख

† परिशिष्ट "आठ" †† परिशिष्ट "नौ"

हेक्टेयर रबी, कुल 13.58 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की गई है. सृजित सिंचाई तथा वास्तविक सिंचाई वर्ष 2020-21 की जिलेवार जानकारी† संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) इस वित्तीय वर्ष 2021-22 मे अभी तक किसी भी वृहद/मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय नहीं की गई है. सर्वेक्षण कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त केवल एक वृहद बोधघाट बहुउद्देशीय परियोजना का ही सर्वेक्षण कार्य चल रहा है. बोधघाट परियोजना के कार्य प्रारंभ होने की तिथि वर्तमान में बताया जाना संभव नहीं है. इसके सर्वेक्षण कार्य की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" एवं प्रपत्र "स" में दर्शित है, जी हां. बोधघाट परियोजना के प्रभावित क्षेत्र के प्रतिनिधि मण्डल, ग्राम पंचायत हर्रा कोडेर, ग्राम पंचायत एरपुण्ड, विकासखण्ड लोहाण्डीगुडा, ग्राम पंचायत हितामेटा जनपद पंचायत गीदम के ग्रामवासियों के द्वारा विरोध किया गया. विरोध का कारण निम्नानुसार है :–

1. पूर्वजों की जमीन नहीं देना चाहते हैं.
2. अन्य जगह जाना नहीं चाहते है.
3. जीवन यापन अस्त व्यस्त हो जाने के कारण बताते हैं.
4. जल भराव होने के कारण, प्राकृतिक नुकसान होने के कारण बताते हैं.
5. सांस्कृतिक धरोहर, रूढ़ी परम्परा, आस्था पर प्रभाव पड़ने के कारण बताते हैं.
6. वंशवली बनाने हेतु मिशल रिकार्ड सन् 1950 के पूर्व की जमीन का नहीं रह पायेगा.
7. उपजाऊ जमीन को छोड़कर जाना नहीं चाहते हैं.
8. प्रभावित एवं डुबान क्षेत्र पांचवी अनुसूची पेसा (कानून) के अंतर्गत ग्राम अनुमति के बिना क्षेत्र में कोई भी सर्वेक्षण या निर्माण कार्य ना कराने का कारण बताते है.

प्रदेश में कुपोषित बच्चों की मृत्यु

20. (*क्र. 656) **श्री रजनीश कुमार सिंह** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में वर्ष 2019 व 2020 व इस वित्तीय वर्ष में 30 जून, 2021 की स्थिति में आंगनबाड़ियों में पंजीकृत कितने कुपोषित बच्चों की मृत्यु हुई है? जिलेवार जानकारी देवें? (ख) वर्ष 2015 से 2016 तक प्रति वर्ष कितना कुपोषण औसत रूप से कम हुआ है? (ग) मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत प्रश्नांश "क" अवधि में कितनी राशि प्राप्त हुई है व उसमें कितनी व्यय की गई है? जिलेवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) प्रश्नांश अवधि में आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत किसी भी कुपोषित बच्चे की कुपोषण के कारण मृत्यु की सूचना प्रतिवेदित नहीं है. जानकारी निरंक है. (ख) उम्र के अनुसार वजन लेने पर वर्षवार कुपोषण में कमी का प्रतिशत् निम्नानुसार है :–

क्र.	कुपोषण के आंकलन का आधार	कुपोषण का प्रतिशत् (उम्र के अनुसार कम वजन की श्रेणी में)	कुपोषण में कमी का प्रतिशत्
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	वजन त्यौहार वर्ष 2015-16	29.87%	-
2.	वजन त्यौहार वर्ष 2016-17	30.13%	(-).26%
3.	वजन त्यौहार वर्ष 2017-18	26.33%	3.8%
4.	वजन त्यौहार वर्ष 2018-19	23.37%	2.96%
5.	मासिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 19-20 (मार्च 2020)	18.22%	5.15%
6.	मासिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 20-21 (मार्च 2021)	15.15%	3.07%

(ग) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

† परिशिष्ट "दस"

†† परिशिष्ट "ग्यारह"

डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र में सिंचाई योजनाओं का निरीक्षण

21. (*क्र. 575) **श्री दलेश्वर साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2019 से 05-07-2021 तक डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कौन-कौन सी सिंचाई योजनाओं हेतु नहर निर्माण/लाईनिंग कार्य एवं जलाशय/बांध/एनीकट आदि के निर्माण/मरम्मत/संधारण हेतु कितनी राशि व्यय की गई है? (ख) निर्माण कार्यों का सत्यापन मूल्यांकन थर्ड पार्टी या सर्तकता विभाग द्वारा कब-कब किया गया? निरीक्षण दौरान क्या कमियॉं पायी गयी? उक्त कमियों के निराकरण की जानकारी कार्यवार, वर्षवार देवें?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) वर्ष 2019 से 05-07-2021 तक डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई योजनाओं हेतु नहर निर्माण/लायनिंग कार्य एवं जलाशय/बांध/एनीकट आदि के निर्माण/मरम्मत/संधारण हेतु व्यय की गई राशि का विवरण क्रमशः पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-1, 1-(अ), 1-(ब), 1-(स) एवं 1-(द) में दर्शित है. (ख) निर्माण कार्य का सत्यापन मूल्यांकन थर्ड पार्टी या सतर्कता विभाग द्वारा नहीं किया गया है. शेष प्रश्नांश की जानकारी निरंक है.

विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत लाभान्वित कृषक

22. (*क्र. 611) **श्री केशव प्रसाद चंद्रा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री फलस बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2019 में किन-किन गावों के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ मिला है? विकासखण्डवार, ग्रामवार बीमा लाभ प्रतिशत् सहित बतावें? (ख) क्या प्रधानमंत्री फसल बीमा से लाभान्वित गांवों के किसानों से बीमा राशि प्राप्त नहीं होने की शिकायत प्राप्त हुई? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) खरीफ वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत् विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर अंतर्गत आने वाली तहसीलों की तहसीलवार, गांववार, फसलवार, बीमित कृषक, लाभांवित कृषक एवं क्षतिपूर्ति की जानकारी † प्रपत्र "अ" पर है. योजनांतर्गत तहसीलवार जानकारी संकलित की जाती है. (ख) जी हां, मौसम खरीफ वर्ष 2019 में किसानों को बीमा लाभ नहीं मिलने के संबंध में माननीय विधायक श्री केशव प्रसाद चंद्रा का शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है. शिकायत पत्र के अनुक्रम में बैंक/वित्तीय संस्थाओं द्वारा कृषकों की जानकारी फसल बीमा पोर्टल में दर्ज नहीं करने का दोषी मानते हुए कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति (प्र.मं.फ.बी.यो.) द्वारा संबंधित बैंक/वित्तीय संस्थानों को पात्रतानुसार कृषकों को दावा भुगतान करने के निर्देश दिये गये हैं. उक्त के अनुक्रम में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा समस्त 20 कृषकों (गांव मूरलीडीह के 03, झरप के 04, भातमाहुल के 05 एवं हरदीडीह के 08 कृषक) को राशि 6,57,855 रुपये एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा हरदीडीह के 08 कृषकों को राशि 3,52,889 रुपये भुगतान किया गया है. गांव हरदीडीह के 01 कृषक को फसल बीमा का लाभ प्राप्त नहीं होने संबंधी शिकायत पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बिलासपुर, जिला-जांजगीर-चांपा में जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. शिकायत पत्र में उल्लेखित गांवों के बीमित कृषक, लाभांवित कृषक तथा शिकायत पर की गई कार्यवाही की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर है.

बोधघाट परियोजना का सर्वेक्षण कार्य

23. (*क्र. 148) **श्री अजय चन्द्राकर** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दंतेवाड़ा जिला में प्रस्तावित बोधघाट परियोजना के सर्वेक्षण कार्य के लिये WAPCOS को किन नियम शर्तों के तहत् कितनी अवधि के लिए अनुबंधित किया गया है? 30 जून, 2021 की स्थिति में कितना सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया है? अद्यतन स्थिति बतावें? (ख) WAPCOS को कितनी राशि में अनुबंधित किया गया है और 30 जून, 2021 की स्थिति में कितनी राशि का भुगतान कर दिया गया है? (ग) वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के बजट में बोधघाट परियोजना के लिये कितनी बजट राशि का प्रावधान है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) अनुबंध की शर्तें व अवधि की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" पर है. सर्वेक्षण की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" पर है. (ख) WAPCOS को रु. 4119.38 लाख में अनुबंधित किया गया है. 30 जून 2021 की स्थिति में अनुबंध के अंतर्गत रु. 1235.81 लाख का भुगतान किया गया है. (ग) वित्तीय वर्ष 2019-20 में बोधघाट परियोजना के लिये कोई बजट राशि का प्रावधान नहीं था. वित्तीय वर्ष 2020-21 में रु. 100 लाख बजट राशि का प्रावधान रखा गया है.

---

† परिशिष्ट "बारह" †† परिशिष्ट "तेरह"

पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एनीकट स्टापडेम निर्माण

24. (*क्र. 260) **श्रीमती इन्दू बंजारे** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत जल संसाधन विभाग में विगत दो वर्षों में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कितने जलाशय, एनीकट, स्टापडेम का निर्माण किया गया है? विकासखण्डवार स्वीकृत राशि, कार्य पूर्ण/अपूर्ण की जानकारी देवें?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत जल संसाधन विभाग में विगत दो वर्षों में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कोई भी जलाशय, एनीकट, स्टापडेम का निर्माण पूर्ण नहीं किया गया है, अपितु 01 स्टापडेम/सह रपटा, 03 एनीकट एवं 01 स्टापडेम का निर्माण कार्य प्रगति पर है. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

जिला-जांजगीर-चांपा में महानदी में निर्मित बैराज की लागत

25. (*क्र. 46) **श्री सौरभ सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महानदी में जांजगीर-चाम्पा जिले में कितने बैराजों का निर्माण कितनी लागत से पूर्ण हो गया है? लागत राशि में किस-किस उद्योग द्वारा कितनी-कितनी राशि दी गई है? (ख) निर्माण के बाद प्रतिवर्ष किस-किस दर से किन-किन उद्योगों को पानी दिया गया? दिनांक 20-06-2021 की स्थिति में जानकारी बताएं? (ग) उपरोक्त दिनांक तक इन बैराजों से पानी लेने वाले किस-किस उद्योगों से कितनी राशि (वसूली) हेतु बकाया है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) महानदी में जांजगीर-चांपा जिले में 05 बैराज निर्माणाधीन है, जिसमें 04 बैराज क्रमशः मिरौनी बैराज, बसंतपुर बैराज, कलमा बैराज एवं साराडीह बैराज का निर्माण भौतिक रूप से पूर्ण कर लिया गया है एवं शिवरीनारायण बैराज निर्माणाधीन है. इन भौतिक रूप से पूर्ण बैराजों की प्रशासकीय स्वीकृति एवं अद्यतन व्यय का विवरण †† संलग्न प्रपत्र "अ" में एवं लागत राशि में विभिन्न उद्यागों द्वारा जमा राशि की बैराजवार/उद्योगवार विवरण †† संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. (ख) इन बैराजों के निर्माण पश्चात् दिनांक 20.06.2021 की स्थिति में उद्योगों को प्रदाय किये गये जल का विवरण †† संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. (ग) उपरोक्त दिनांक तक इन बैराजों से पानी लेने वाले उद्योगों से बकाया राशि की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है.

---

† परिशिष्ट "चौदह"

†† परिशिष्ट "पन्द्रह"

नियम 46 (2) के अन्तर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

एन.जी.ओ. को किया गया भुगतान

1. (क्र. 15) **श्री कुलदीप जुनेजा** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह मान्य है कि कैलेण्डर वर्ष 2019 तथा 2020 में विभाग की ओर से 62 एन.जी.ओ. को काम दिया तथा इस हेतु उन्हें कुल रु. 42,15,70,111/- (बयालीस करोड़ पंद्रह लाख सत्तर हजार एक सौ ग्यारह मात्र) का भुगतान किया गया? यदि हां तो कृपया बतावें कि सभी 62 एन.जी.ओ. द्वारा अंकेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है? (ख) प्रश्नांश "क" में उल्लेखित 62 एन.जी.ओ. के कार्यों की क्या कभी विभाग स्तर पर समीक्षा कर इनकी उपयोगिता पर विचार किया गया? यदि हां, तो कब, नहीं तो क्यों?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) एवं (ख) जानकारी संकलित की जा रही है.

अरपा में निर्माणाधीन बैराज की तकनीकी स्वीकृति

2. (क्र. 25) **श्री शैलेश पाण्डे** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर शहर में अरपा के निर्माणाधीन दोनों बैराज की तकनीकी स्वीकृति किस सक्षम अधिकारी द्वारा दी गई है? (ख) उक्त निर्माणाधीन बैराजों की गुणवत्ता की जांच किन-किन सक्षम अधिकारी के निर्देशन में की जा रही है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) बिलासपुर शहर में अरपा नदी मे निर्माणधीन शिवघाट एवं पचरीघाट बैराज योजना की तकनीकी स्वीकृति सक्षम अधिकारी मुख्य अभियंता, हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर द्वारा प्रदाय की गई है. (ख) उपरोक्त निर्माणाधीन बैराजों की गुणवत्ता की जांच कार्य स्थल पर निर्मित अस्थायी प्रयोगशाला मे अनुसंधान अधिकारी गुणवत्ता नियंत्रण ईकाई सकरी, जिला-बिलासपुर एवं उनके अधिनस्थ सहायक अनुसंधान अधिकारी व तकनीशियन द्वारा सतत की जा रही है. इसके अतिरिक्त बैराजों के गुणवत्तापूर्वक निर्माण हेतु शिवघाट बैराज का निरीक्षण 01 उपअभियंता, 03 सहायक अभियंता (सांख्येत्तर), अनुविभागीय अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा तथा पचरीघाट बैराज का निरीक्षण 01 उप अभियंता, 01 सहायक अभियंता (सांख्येत्तर), अनुविभागीय अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा किया जा रहा है. समय-समय पर अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता द्वारा दोनों बैराजों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है.

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में बजट में सम्मिलित सिंचाई योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति

3. (क्र. 47) **श्री सौरभ सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अकलतरा विधानसभा के अंतर्गत उसलापुर सूक्ष्म सिंचाई योजना, परसाही उद्वहन योजना, बनाहिल सूक्ष्म सिंचाई योजना और बरगवां सूक्ष्म सिंचाई योजना को किस-किस वर्ष के बजट में शामिल किया गया है? (ख) इन योजना की प्रशासकीय स्वीकृति कब और कितनी लागत से प्रदान की गई है? यदि नहीं तो कब तक दी जायेगी?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत उसलापुर सूक्ष्म सिंचाई योजना को वर्ष 2016-17 एवं वर्ष 2018-19 के नवीन मद में शामिल किया गया था. बनाहिल सूक्ष्म सिंचाई योजना और बरगवां सूक्ष्म सिंचाई योजना को वर्ष 2018-19 के नवीन मद में शामिल किया गया था. परसाही उद्वहन योजना को नवीन मद में शामिल नहीं किया गया है. (ख) इन योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय नहीं की गई है. प्रश्नांश "क" में उल्लेखित चारों योजनाओं को आगामी अनुपूरक बजट के नवीन मद में शामिल किया जाना प्रस्तावित है. वर्तमान में बजट में शामिल नहीं होने के कारण इन योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

कुपोषित बच्चों की मृत्यु एवं मुख्यमंत्री सुपोषण आहार के तहत् स्वीकृत एवं व्यय राशि

4. (क्र. 64) **श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला रायपुर, मुंगेली एंव बिलासपुर में वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में कितने कुपोषित बच्चों की मृत्यु हुई है? जिलेवार जानकारी देवें? (ख) उक्त तीनों जिलों में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत किस-किस मद से कितनी-राशि प्राप्त हुई है और किस-किस सामग्री हेतु कितनी राशि व्यय की गयी है कितनी शेष है? (ग) उक्त जिलों में क्या-क्या सामग्री क्रय कर प्रदाय की गयी है और कितनी कब से शेष है जिलेवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) प्रश्नांश-"क" अनुसार उल्लेखित अवधि में रायपुर, मुंगेली एवं बिलासपुर जिले में कुपोषण से बच्चों की मृत्यु होना प्रतिवेदित नहीं है. (ख) प्रश्नांश अवधि में प्राप्त एवं व्यय राशि तथा प्रदायित सामग्री का विवरण परिशिष्ट-"अ" अनुसार है. (ग) प्रदायित सामग्री का विवरण † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. प्रदाय हेतु जिलों में सामग्री शेष नहीं है.

डेयरी उद्योग में ऋण/सब्सिडी हेतु संचालित योजना

5. (क्र. 91) **श्री प्रकाश शक्राजीत नायक** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु पशुपालन करने पर ऋण/सब्सिडी देने की क्या कोई योजना वर्तमान में संचालित है? यदि हां तो कब से? (ख) रायगढ़ जिले में राज्य पोषित डेयरी उद्यामिता योजना अंतर्गत दुग्ध उत्पादन में प्रोत्साहन हेतु पिछले 2 वर्षों में कितनी राशि किन-किन लोगों को स्वीकृत की गई है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जी हां, वर्तमान में प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु डेयरी इकाई स्थापित करने पर सब्सिडी देने की राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना (यथा संशोधित 2019) संचालित है. यह योजना दिनांक 05-08-2019 से संचालित है. (ख) रायगढ़ जिले में राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता योजना अंतर्गत दुग्ध उत्पादन में प्रोत्साहन हेतु पिछले 2 वर्षों में कुल राशि रुपये 2,81,16,754.00 का अनुदान स्वीकृत किया गया है. हितग्राहियों की सूची परिशिष्ट में †† संलग्न है.

प्रदेश में बालक बालिकाओं के संरक्षण में लिए संचालित अशासकीय संस्थाएं

6. (क्र. 112) **श्रीमती संगीता सिन्हा** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में एकीकृत बाल संरक्षण के तहत बालक-बालिकाओं के संरक्षण के लिए किन-किन स्थानों पर कौन-कौन सी अशासकीय संस्थाएं संचालित है? जिलेवार संरक्षित बालक-बालिकाओं की संख्या बतावें? (ख) कंडिका "क" की संस्थाओं में संरक्षित बालक-बालिकाओं के लिए किन-किन मदों में कितनी-कितनी राशि वर्ष 2018-19 से 30 जून तक दी गई है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) जानकारी ‡ संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) जानकारी ‡ संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है.

जिला बालोद अंतर्गत संचालित कृषि आदान विक्रय केन्द्र

7. (क्र. 113) **श्रीमती संगीता सिन्हा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला-बालोद अंतर्गत वर्तमान में कुल कितने कृषि आदान विक्रय केन्द्र कहां-कहां पर संचालित हैं तथा इनमें से कितने पंजीकृत हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें? (ख) वर्ष 2019-20 से 30 जून, 2021 तक बालोद जिला में विभाग द्वारा खरीफ एवं रबी हेतु कितने किसानों को कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन सी फसलों के बीज विक्रय किये गये तथा कितने किसानों को निःशुल्क बीज वितरण किया गया? वर्षवार जानकारी देवें? (ग) कंडिका "ख" के विक्रय/वितरित किये गये बीज में से किस-किस फसल के बीजों में अंकुरण न होने संबंधी शिकायत मिली तथा इसके आपूर्तिकर्त्ता फर्म के विरूद्ध विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) से (ग) जानकारी संकलित की जा रही है.

† परिशिष्ट "सोलह" †† परिशिष्ट "सत्रह" ‡ परिशिष्ट "अट्ठारह"

गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी एवं निर्मित वर्मी/सुपर वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में उपयोग

8. (क्र. 149) **श्री अजय चंद्राकर** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) गोबर खरीदी (गोधन न्याय योजना) लागू होने से दिनांक 30 जून, 2021 तक कुल कितनी मात्रा में, कितनी राशि के गोबर की खरीदी की गयी? शहरी व ग्रामीण क्षेत्र का अलग-अलग बतायें? तथा कितनी राशि का भुगतान किन-किन मदों से किया गया और कितना शेष है? (ख) उक्त गोबर की कितनी मात्रा का वर्मी कंपोस्ट/सुपर वर्मी कंपोस्ट खाद व अन्य सामग्री बनाने में किया गया है तथा उन खाद व सामग्री की विक्रय किस दर में किन-किन संस्थाओं/अन्य को किया गया? वर्मी कंपोस्ट/सुपर वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने के लिये किस मद से कितनी-कितनी राशि का उपयोग किया गया? (ग) 30 जून, 2021 तक खरीदी की गई गोबर की कितनी मात्रा खराब व चोरी हुई है और वह कितने मूल्य का था? अलग-अलग बतायें? गोबर खराब होने का क्या कारण है? उसके जिम्मेदार कौन है एवं उन पर क्या कार्यवाही अब तक की गयी हैं?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) गोधन न्याय योजना लागू होने से दिनांक 30 जून, 2021 तक क्रय गोबर एवं भुगतान की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	क्षेत्र	क्रय गोबर की मात्रा (टन)	क्रय गोबर की राशि (रु. लाख में)	भुगतान की गई राशि (रु. लाख में)	मद का नाम	भुगतान हेतु शेष राशि (रु. लाख में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	ग्रामीण	360418.39	7208.33	9704.16	गोधन न्याय योजना	रु. 6.44
2.	शहरी	125113.65	2502.27			
	योग	**485531.17**	**9710.60**			

(ख) कंडिका "क" अनुसार क्रय गोबर में से 4,45,639.89 टन गोबर का वर्मी कम्पोस्ट/सुपर कम्पोस्ट व अन्य सामग्री बनाने में उपयोग किया गया है. वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट एवं अन्य सामग्री यथा दीया, गमला, गोकाष्ठ, कण्डा, मूर्ति का विक्रय कृषकों शासकीय विभाग, विभिन्न विभाग तथा अन्य को किया गया है. जिलेवार विक्रय दर का विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है.वर्मी कम्पोस्ट/सुपर कम्पोस्ट बनाने के लिये संरचना निर्माण आदि हेतु विभिन्न योजनांतर्गत उपयोग की गई राशि का विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ग) 30 जून, 2021 तक क्रय गोबर में से गोबर खराब नहीं हुआ है, अपितु 575.54 टन गोबर अतिवृष्टि से बह गया, जिसका मूल्य रु. 11.51 लाख एवं 3 टन गोबर चोरी हुआ, जिसका मूल्य रु. 0.06 लाख है. अतः कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है.

प्रदेश में निर्मित वृहद, मध्यम, लघु जलाशय, बैराज एवं एनीकटों की रूपांकित सिंचित क्षमता

9. (क्र. 233) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में निर्मित वृहद, मध्यम एवं लघु जलाशयों तथा बैराजों एवं एनीकटों से कुल रूपांकित सिंचित क्षमता कितनी-कितनी हेक्टेयर खरीफ एवं रबी फसलों के लिए हैं? (ख) वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में दिनांक 03-07-2021 तक कितने रकबे में वास्तविक सिंचाई खरीफ एवं रबी फसलों की गई है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जानकारी संलग्न †† संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) जानकारी निर्मित योजनाओं से †† संलग्न प्रपत्र "अ" में तथा निर्माणाधीन योजनाओं से †† संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है.

अमानक रासायनिक खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाईयों के गुणवत्ता की जांच

10. (क्र. 234) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में दिनांक 03-07-2021 तक खाद, दवाई एवं बीज विक्रेताों के संस्थानों में अमानक रासायनिक खाद, बीज एवं

† परिशिष्ट "उन्नीस" †† परिशिष्ट "बीस"

कीटनाशक दवाईयों के गुणवत्ता की जॉच करायी गई? किस-किस स्थानों में किन-किन सस्थाओं के खाद, बीज एवं दवाई अमानक स्तर में पाये गये तथा उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? जानकारी देवें?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : जी हां. प्रश्नाधीन अवधि में रासायनिक खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाईयों के गुणवत्ता की जॉच करायी गई हैं. जांच में पाए गए अमानक स्तर के उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाईयों का वर्षवार, स्थलवार, संस्थावार की गयी कार्यवाही की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट 1 से 9 में है. [परिशिष्ट-1, 2, 3 (उर्वरक), परिशिष्ट-4, 5, 6 (बीज) तथा परिशिष्ट-7, 8, 9 (कीटनाशक) में है.] उद्यानिकी फसलों के कोई भी बीज अमानक नहीं पाये गये.

पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत कार्यों की स्थिति

11. (क्र. 261) **श्रीमती इन्दू बंजारे** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जल संसाधन विभाग के द्वारा पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2020-21 व 2021-22 में कितने कार्य स्वीकृत हुए है? कितने कार्य पूर्ण हुए व कितने अपूर्ण है? अपूर्ण होने का क्या कारण है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2020-21 में 02 कार्य स्वीकृत हुए हैं तथा वर्ष 2021-22 में किसी भी कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है. उक्त स्वीकृत दोनों कार्य अपूर्ण है. स्वीकृत अपूर्ण कार्य कोरोना काल में मजदूर/सामग्री उपलब्ध न होन के कारण पूर्ण नहीं हो सके.

राजनांदगांव जिले में गोबर खरीदी

12. (क्र. 449) **श्री दलेश्वर साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या वर्ष 2019 से वर्तमान 03-07-2021 तक राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विधानसभा में गोबर की खरीदी की जा रही है? (ख) यदि हां, तो किस-किस गौठानों से कितनी मात्रा में गोबर खरीदी कर भुगतान किया गया है? (ग) कितने गौठानों का भुगतान लंबित है व कब तक भुगतान कर दिया जावेगा? विकासखण्डवार, गौठानवार, भुगतान एवं लंबित भुगतान की जानकारी देवें?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जी हां. गोधन न्याय योजना अंतर्गत दिनांक 20-07-2020 से गोबर की खरीदी की जा रही है. (ख) राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में गोबर खरीदी मात्रा एवं भुगतान की गौठानवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ग) नगर पंचायत डोंगरगांव में भुगतान लंबित है जिसका भुगतान प्रक्रियाधीन है.

मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के लिए हितग्राहियों को भुगतान

13. (क्र. 468) **डॉ. प्रीतम राम** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सरगुजा, धमतरी एवं कांकेर जिले में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के लिए किन-किन जलाशय में केज की स्थापना की गयी है? उक्त केज स्थापना हेतु कितने हितग्राहियों द्वारा आवेदन विभाग को प्राप्त हुए? प्राप्त आवेदनों में चयन का आधार क्या था? हितग्राहियों को किस-किस मद में कितनी राशि का अनुदान दिया गया? केज की संख्या और अनुदान राशि तथा उत्पादन में क्या लाभ प्राप्त हुए? जानकारी देवें? (ख) क्या वर्ष 2019-20 से 2020-21 तक संबंधित जलाशयों के लिए मछुआ समिति या संस्था को केज यूनिट स्थापित के लिए अनुदान दिया गया है? अगर अनुदान दिया गया तो कब और कितने यूनिटों को शामिल किया गया? यूनिटों के नाम, समिति के नाम, अनुदान की राशि की जानकारी देवें?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जानकारी प्रपत्र "अ" पर †† संलग्न है. (ख) जानकारी प्रपत्र "ब" पर †† संलग्न है.

---

† परिशिष्ट "ईक्कीस"

†† परिशिष्ट "बाईस"

सरगुजा जिला अंतर्गत स्वीकृत किए गए डेयरी उद्यमिता के प्रकरण

14. (क्र. 469) **डॉ. प्रीतम रामः** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला सरगुजा में वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में डेयरी उद्यमिता के कितने प्रकरण स्वीकृत किये गये? (ख) प्रश्नांश "क" अनुसार स्वीकृत डेयरी में से फरवरी, 2021 के स्थिति में कितने क्रियाशील है तथा कितने अक्रियाशील है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जिला सरगुजा में वित्तीय वर्ष 2019-20 में निरंक एवं 2020-21 में कुल 15 प्रकरण राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत किये गये. (ख) प्रश्नांश "क" अनुसार स्वीकृत 15 डेयरी में से फरवरी, 2021 के स्थिति में समस्त डेयरी इकाई क्रियाशील है.

प्रदेश में गोबर खरीदी तथा भुगतान

15. (क्र. 481) **श्री शिवरतन शर्मा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य सरकार द्वारा किस-किस जिले में कितनी-कितनी मात्रा में गोबर खरीदी की गयी है? (ख) उक्त गोबर खरीदी का भुगतान कितना-कितना, किस-किस मद से किया गया है? (ग) गोबर खरीदी में कितने का वर्मी कम्पोस्ट खाद बेचा गया है तथा कितनी वर्मी कम्पोस्ट खाद शेष है और क्या खरीदे गये गोबर का भौतिक सत्यापन कराया गया है? यदि हां, तो कब तथा कितने खरीदी केन्द्रों (गोठानों) में गोबर कम या ज्यादा प्राप्त हुआ है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) गोधन न्याय योजनान्तर्गत विभिन्न जिलों द्वारा जून 2021 तक गोबर खरीदी की मात्रा का जिलेवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) "क"अनुसार क्रय किये गये गोबर हेतु राशि रु. 9,710.55 लाख का भुगतान गोधन न्याय योजनान्तर्गत किया गया है. (ग) क्रय गोबर से राशि रु. 4,449.34 लाख मूल्य का 44,653.27 टन वर्मी कम्पोस्ट विक्रय किया गया है तथा 15,132.31 टन वर्मी कम्पोस्ट शेष है. जी हां. खरीदे गये गोबर का भौतिक सत्यापन समय-समय पर जिलों द्वारा कराया गया है, जिसमें 18 खरीदी केन्द्रों (गौठानों) में अतिवर्षा एवं चोरी की समस्याएं परिलक्षित हुई.

बोधघाट परियोजना का सर्वेक्षण तथा भुगतान

16. (क्र. 482) **श्री शिवरतन शर्मा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या राज्य शासन द्वारा बोधघाट परियोजना हेतु प्रारंभिक सर्वेक्षण कराया गया है? यदि हां, तो यह सर्वेक्षण किस अवधि में कराया गया है तथा सर्वेक्षण करने वाली एजेंसी कौन सी है तथा उक्त एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत कर दी है? यदि हां, तो कब? (ख) उक्त सर्वेक्षण करने वाली एजेंसी को कितना भुगतान किया गया है तथा एजेंसी ने अपने सर्वेक्षण प्रतिवेदन में प्रमुख रूप से किन बिन्दुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य शासन अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तावित बोधघाट बहुउद्देशीय परियोजना हेतु सर्वेक्षण कराया जा रहा है. सर्वेक्षण हेतु एजेंसी वाप्कोस लिमिटेड 76-सी इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-18, गुरूग्राम, हरियाणा को नियत किया गया है. सर्वेक्षण का कार्य वर्तमान में प्रगतिरत है एवं एक प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन एजेंसी द्वारा माह जून-2021 में प्रस्तुत किया गया है. सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होने के उपरांत उक्त एजेंसी द्वारा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की जावेगी. (ख) राशि रु. 1235.81 लाख का भुगतान किया गया है. उक्त एजेंसी ने अपने सर्वेक्षण प्रतिवेदन में प्रमुख रूप से अब तक निम्न बिन्दुओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत की है :–

1. आरंभ प्रतिवेदन (इन्सेप्शन रिपोर्ट)
2. सिंचाई योजना एवं जल आवश्यकता प्रतिवेदन
3. हाइड्रोलाजी प्रतिवेदन
4. प्राथमिक विद्युत क्षमता प्रतिवेदन
5. पुनरीक्षित विद्युत क्षमता प्रतिवेदन
6. टोपो शीट पर अनुमानित नहर संरेखण (एलाइनमेंट)
7. प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन

† परिशिष्ट "तेईस"

कोटा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित जलाशय/बांध में प्रस्तावित नहर निर्माण

17. (क्र. 509) **डॉ. रेणु अजीत जोगी** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या विधानसभा क्षेत्र कोटा के वि. खं. कोटा अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगांव (बैगा गांव) में स्थित औरापानी बांध एवं ग्राम पंचायत गौरखेड़ा स्थित सोननाला बांध तथा वि.खं. गौरेला के अंतर्गत ग्राम पंचायत सधवानी स्थित जोगीडोंगरी जलाशय और ग्राम पंचायत पीपरखूंटी स्थित खूटी नाला जलाशय से किसानों के हित में नहर निर्माण की योजना प्रस्तावित है? (ख) यदि हां, तो नहर निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जी हां, विधानसभा क्षेत्र कोटा के विकासखण्ड कोटा अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगांव (बैगा गांव) में स्थित औरापानी बांध तथा विकासखण्ड गौरेला अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपरखूंटी स्थित खूटी नाला जलाशय से किसानों के हित में नहर निर्माण नहीं अपितु पूर्व निर्मित नहर के मरम्मत एवं सी.सी. लाईनिंग का कार्य प्रस्तावित है. विकासखण्ड गौरेला अंतर्गत ग्राम पंचायत गौरखेड़ा स्थित सोनकछार बांध की नहर निर्माण कार्य प्रगति पर है, तथा विकासखण्ड गौरेला के अंतर्गत ग्राम पंचायत सधवानी स्थित जोगीडोंगरी जलाशय के नहर निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है. (ख) औरापानी बांध एवं खूटी नाला जलाशय के पूर्व निर्मित नहर मरम्मत एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य जो वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट में शामिल है, की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत लगभग एक वर्ष में पूर्ण किया जाना संभावित है. सोन कछार बांध की नहर निर्माण कार्य जून-2022 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है. जोगीडोंगरी जलाशय के नहर का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है.

गौरला-पेन्ड्रा-मरवाही जिले स्थित पौध रोपणियों की आमदनी

18. (क्र. 510) **डॉ. रेणु अजीत जोगी** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर एवं ग्राम पंचायत पतगंवा में स्थित पौध रोपणी केन्द्र में विगत दो वर्षों में आम, लीची, अमरूद आदि नीलाम करने से विभाग को कितनी आमदनी हुई? (ख) उक्त दोनों रोपणियों में किन-किन प्रजाति के कितनी संख्या में पौधे तैयार किये गये तथा जामवंत योजना के तहत कितने ग्रामवासियों को पौध रोपण हेतु कितनी पौधा वितरण किया गया?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही जिले के ग्राम पंचायत लालपुर एवं ग्राम पंचायत पतगंवा में स्थापित शासकीय उद्यान रोपणियों में विगत दो वर्षों यथा वर्ष 2019-20 एवं वर्ष 2020-21 में आम, लीची, अमरूद आदि की निलामी से विभाग को निम्नानुसार आय हुई :–

(राशि रुपये में)

क्र.	रोपणी	वर्ष		कुल आय
		2019-20	2020-21	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	शासकीय उद्यान रोपणी ग्राम पंचायत-पतगंवा	2,51,500.00	2,10,786.00	4,62,2860.00
2.	शासकीय उद्यान रोपणी ग्राम पंचायत-लालपुर	4,23,586.00	00.00	4,23,586.00
			योग	**8,85,872.00**

(ख) प्रश्नांश "क" की अवधि में उक्त दोनों रोपणियों में वर्षवार, प्रजातिवार तैयार किये पौधों की संख्या का विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. जामवंत योजना विभाग में संचालित नहीं है.

मुंगेली जिला में डेयरी/कुक्कुट पालन हेतु स्वीकृत अनुदान

19. (क्र. 519) **श्री पुन्नूलाल मोहले** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मुंगेली जिले में वर्ष 2019 से दिनांक 05-07-2021 तक कितने हितग्राहियों द्वारा कुक्कुटपालन/डेयरी हेतु आवेदन प्राप्त हुये? कितने स्वीकृत किये गये? कितने आवेदन

† परिशिष्ट "चौबीस"

अस्वीकृत हुये? कितने आवेदन लंबित है? (ख) प्रश्नांक "क" अवधि में स्वीकृत आवेदनों में कितना-कितना अनुदान स्वीकृत हुआ? कितने हितग्राहियों के कितनी अनुदान राशि आबंटित की गई? कितनी अनुदान राशि शेष है?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) मुंगेली जिले में वर्ष 2019 (2019-20) से दिनांक 05-07-2021 तक कुक्कुट पालन हेतु बैकयार्ड कुक्कुट ईकाई वितरण योजनांतर्गत कुल प्राप्त आवेदन 1319, स्वीकृत 1319, अस्वीकृत निरंक एवं लम्बित आवेदन निरंक है. इसी प्रकार डेयरी हेतु राज्य डेयरी उद्यमिता योजना अंतर्गत कुल प्राप्त आवेदन 09, स्वीकृत 04, अस्वीकृत, 02 एवं लंबित आवेदन 03 है. (ख) प्रश्नांक "क" अवधि में बैकयार्ड कुक्कुट इकाई योजनान्तर्गत स्वीकृत आवेदनों में राशि रु. 34,21,350.00 का अनुदान स्वीकृत किया गया योजनान्तर्गत हितग्राहियों को सीधे अनुदान राशि आवंटित नहीं की जाती है, अपितु प्रति इकाई 28 दिवसीय 45 चूजें का वितरण शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्रों के माध्यम से किया जाता है. कुल 1310 हितग्राहियों में से 1015 हितग्राहियों को कुक्कुट इकाईयों का वितरण किया जा चुका है तथा 304 हितग्राहियों को कुक्कुट इकाई वितरण शेष है. राज्य डेयरी उद्यामिता योजनान्तर्गत स्वीकृत आवेदनों में राशि रु. 3,35,000.00 का अनुदान स्वीकृत किया गया. कुल 04 हितग्राहियों को राशि रु. 3,35,000.00 आवंटित की गई. योजनान्तर्गत शेष अनुदान की राशि निरंक हैं.

जिला मुंगेली में गोबर खरीदी

20. (क्र. 520) **श्री पुन्नूलाल मोहले** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला मुंगेली में नरवा गरूवा घुरवा बारी योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा दिनांक 05-07-2021 तक कितने समूहों एवं किसानो से कितनी राशि की गोबर खरीदी की गई है? (ख) क्रय किये गये गोबर से कितनी मात्रा में वर्मी खाद का निर्माण किया गया है? कितना बह गया है तथा कितनी मात्रा में चोरी की गयी है? (ग) बहने एवं चोरी हुये गोबर के लिये कौन उत्तरदायी है एवं उन पर क्या कार्यवाही की गई?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) गोधन न्याय योजना अंतर्गत जिला मुंगेली में दिनांक 05-07-2021 तक 5206 गोबर संग्राहकों से राशि रु. 244.19 लाख का कुल 12209.26 टन गोबर खरीदी की गई है. समूहों से गोबर क्रय की मात्रा निरंक है. (ख) क्रय किये गये गोबर से 1069.16 टन वर्मी खाद का निर्माण किया गया है. गौठानों से बह गये तथा चोरी हुए गोबर की मात्रा निरंक है. (ग) "ख" के परिप्रेक्ष्य में निरंक.

कोसारटेडा माध्यम सिंचाई परियोजना के डूबान प्रभावितों को अतिरिक्त मुआवजा का भुगतान

21. (क्र. 551) **श्री चंदन कश्यप** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना के डूबान प्रभावितों को अतिरिक्त मुआवजा भुगतान कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों भुगतान नहीं किया गया है एवं कब तक भुगतान कर दिया जावेगा?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना के डूबान प्रभावितों को अतिरिक्त मुआवजा राशि का भुगतान प्रभावित खातेदारों को नहीं किया गया है. वित्त विभाग द्वारा विभागीय प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त की गई है, इसलिये डूबान प्रभावितों को अतिरिक्त मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है.

बस्तर संभागान्तर्गत कुपोषित बच्चों की संख्या एवं प्राप्त बंटन

22. (क्र. 568) **श्री बघेल लखेश्वर** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में 01 अप्रैल, 2019 से 30 जून, 2021 तक वर्षवार कुपोषित बच्चों की संख्यात्मक विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) कुपोषण के निराकरण हेतु बस्तर जिले में संचालित योजनाओं के साथ ही कुपोषण से बचाव के लिए विभाग को वर्षवार प्राप्त बंटन राशि के संबंध में बतावें ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है (ख) कुपोषण की रोकथाम हेतु प्रश्नांश अवधि में बस्तर जिले में संचालित योजनाओं एवं बस्तर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग को प्राप्त बंटन का विवरण

† परिशिष्ट "पच्चीस"

निम्नानुसार है :–

संचालित प्रमुख योजनायें

- मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना
- सुपोषण चौपाल (पोषण अभियान)
- पूरक पोषण आहार कार्यक्रम
- महतारी जतन योजना
- मुख्यमंत्री अमृत दूध योजना (वर्ष 20-21 से योजना बंद कर दी गई है.)
- मुख्यमंत्री सुपोषण योजना

बस्तर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग को प्राप्त आबंटन

वित्तीय वर्ष	बस्तर जिले को बंटित राशि
19-20	302132643
20-21	333242783
21-22 (30 जून, 2021 की स्थिति में)	108460050

राज्य सरकार द्वारा कृषकों के सिंचाई कर की माफी

23. (क्र. 571) **श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह सही है, कि राज्य सरकार के द्वारा वर्ष 2019-20 में किसानों का सिंचाई कर माफ किया गया है ? यदि नहीं, तो वर्तमान राज्य सरकार के द्वारा किस-किस खरीफ वर्ष का कुल कितने किसानों का कितनी राशि माफ किया गया है ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : जी हां. राज्य सरकार के द्वारा वर्ष 2019-20 में किसानों का सिंचाई कर माफ किया गया है. अतः शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

जिला धमतरी के अंतर्गत स्थापित जलाशय

24. (क्र. 572) **श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जल संसाधन विभाग जिला धमतरी के अंतर्गत कुल कितने जलाशय हैं ? उक्त जलाशय से वर्ष 2019-20, 2020-21 में 01 जनवरी से 30 जून की स्थिति में एक जलाशय से दूसरे जलाशय में एवं महानदी में कब-कब, कितनी मात्रा में पानी छोड़ा गया, पानी छोड़ने के कारण सहित जानकारी प्रदान करें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : जल संसाधन विभाग जिला धमतरी के अंतर्गत 03 वृहद जलाशय एवं 25 लघु जलाशय निर्मित है. वर्ष 2019-20, 2020-21 में 01 जनवरी से 30 जून की स्थिति में एक जलाशय से दूसरे जलाशय में एवं महानदी में पानी 04 जलाशयों द्वारा छोड़ा गया है. जलाशयवार, समयवार एवं मात्रावार तथा कारण सहित जानकारी †संलग्न प्रपत्र "अ", प्रपत्र "ब", प्रपत्र "स" एवं प्रपत्र "द" में दर्शित है.

डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विकासखण्ड के गोठानों में गोबर खरीदी

25. (क्र. 576) **श्री दलेश्वर साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विकासखण्ड में गोठान का संचालन किया जा रहा है ? यदि हां, तो उक्त गोठानों में वर्ष 2019 से दिनांक 05-07-2021 तक कितनी मात्रा में गोबर की खरीदी कर कितनी राशि का भुगतान किया गया है ? (ख) उक्त गोठानों में कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है और कब तक भुगतान कर दिया जावेगा ? (ग) वर्षवार, गोठानवार, राशिवार, लंबित भुगतान की जानकारी देवें ?

† परिशिष्ट "छब्बीस"

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जी हां, गोधन न्याय योजना के प्रारंभ दिनांक 20-07-2021 से दिनांक 05-07-2021 तक विकासखण्ड डोंगरगांव में हितग्राहियों से 5374.52 टन गोबर खरीद कर रु. 103.1984 लाख का भुगतान किया गया है, इसी तरह विकासखण्ड डोंगरगढ़ में क्रय कुल 6126.15 टन गोबर हेतु रु. 122.5224 लाख का भुगतान किया गया है. (ख) प्रश्नांश की अवधि में डोंगरगांव नगरीय निकाय क्षेत्र में हितग्राहियों को रु. 1,002.00 का भुगतान किया जाना शेष है, भुगतान प्रक्रियाधीन है. (ग) वर्षवार, गौठानवार, राशिवार लंबित भुगतान की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

कांकेर जिला में सामूहिक विवाह हेतु सामग्री क्रय

26. (क्र. 580) **श्री सन्तराम नेताम** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2020-21 में कांकेर जिले में कब-कब, कहां-कहां पर कितने जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया ? तथा नवदम्पति को विवाह के दौरान कितने मूल्य की कौन-कौन सी उपहार सामग्री दी गई ? (ख) क्या प्रश्नांक "क" के अनुसार उक्त अवधि में आयोजित विवाह हेतु क्रय नियम का पालन किया गया ? क्रय सामग्री के सत्यापन हेतु क्या समिति गठित की गई थी ? उसके कौन-कौन सदस्य थे ? पद सहित जानकारी देते हुए अवगत करावें की उक्त सामग्री का किसके माध्यम से सत्यापन कब-कब कराया गया ? अनियमितता बरते जाने के संबंध में विभाग को कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो इस पर क्या कार्यवाही की गई ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) जी हां. गठित जिला क्रय समिति के सदस्यों का पदनाम सहित जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है. क्रय सामग्री का सत्यापन गठित जिला क्रय समिति द्वारा दिनांक 23-03-2021 को किया गया. जी हां विभाग को शिकायत प्राप्त हुई है. जिला स्तर पर प्राप्त शिकायत की जांच की जा चुकी है, शिकायत प्राप्त हुई है. शिकायत निराधार पाया गया. राज्य स्तर पर प्राप्त शिकायत की जांच कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

प्रदेश में किसानों से धान खरीदी

27. (क्र. 600) **श्री अरूण वोरा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2019 से 2020 तक कुल कितने किसानों से शासन ने प्रति क्विंटल किस दर से धान खरीदी की है ? वर्षवार जानकारी दें ? (ख) प्रदेश में कुल कृषि योग्य भूमि कितनी है ? इनमें से कितने प्रतिशत भूमि पर धान की पैदावार होती है ? (ग) वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में किसान न्याय योजना के अंतर्गत किसानों के खाते में कितने करोड़ की राशि जारी की गई ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की जानकारी निम्नानुसार है :–

वर्ष	प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य (रु. में)		धान बेचने वाले कृषकों की संख्या
	कॉमन धान	ग्रेड ए	
(1)	(2)	(3)	(4)
2019-20	1815	1835	18,38,593
2020-21	1868	1888	20,53,599

(ख) प्रदेश में कृषि वर्ष 2019-20 में कुल कृषि योग्य भूमि 55,48,316 हेक्टेयर है. जिसमें से 76.89% भूमि पर धान की पैदावार ली गई है. (ग) राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत वर्ष 2019-20 में रु. 5596.35 करोड़ तथा वर्ष 2020-21 में रु. 1498.73 करोड़ किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई है.

अरपा-भैंसाझार प्रोजेक्ट (अरपा नदी बैराज) के निर्माण कार्यों की स्थिति

28. (क्र. 608) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अरपा-भैंसाझार प्रोजेक्ट (अरपा नदी बैराज) का कार्य कब पूर्ण हुआ, निर्माण कंपनी/फर्म/ठेकेदार का नाम बतावें एवं उससे की गई अनुबंध/शर्तों का ब्यौरा सहित कुल लागत एवं

† परिशिष्ट "सत्ताईस" †† परिशिष्ट "अट्ठाईस"

ठेकेदार को अब तक भुगतान राशि की जानकारी देवें ? (ख) कंडिका "क" के प्रोजेक्ट से कुल कितनी रकबा में सिंचाई का निश्चित लक्ष्य निर्धारित है ? कितने ग्रामों की भूमि में, वर्तमान में कितनी रकबा में सिंचाई सुनिश्चित की गई, इसकी समीक्षा कब, किस स्तर पर की गई, नहीं तो क्यों ? (ग) कंडिका "क" के प्रोजेक्ट में कौन-कौन से कार्य शामिल किया जाकर, ठेकेदार से अनुबंध किया गया, अब तक कितने कार्य पूर्ण किए गए, कितना और कौन-कौन से कार्य शेष हैं, क्यों ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) अरपा भैंसाझार प्रोजेक्ट (अरपा नदी बैराज) का कार्य वर्तमान में पूर्ण नहीं हुआ है अपितु प्रगतिरत है. निर्माण एजेंसी मेसर्स राधेश्याम अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, रायपुर एवं एम.आर.के.आर. कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड हैदराबाद (ज्वाइन्ट वेंचर) है. प्रश्न के शेषांश की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. (ग) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. वर्तमान में शीर्ष कार्य अंतर्गत समस्त कार्य पूर्ण हो चुका है, एवं नहर प्रणाली का कार्य 81 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है. नहर निर्माण की प्रगति की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "स" में दर्शित है.

अरपा भैंसाझार परियोजना हेतु स्वीकृत राशि तथा कार्यों की स्थिति

29. (क्र. 626) **श्री नारायण चंदेल** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अरपा भैंसाझार प्रोजेक्ट के निर्माण हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? कितना कार्य पूर्ण है व कितना कार्य अपूर्ण है ? प्रोजेक्ट के कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है ? (ख) संदर्भित प्रोजेक्ट की निर्माण एजेंसी कौन है ? क्या निर्माण एजेंसी को निर्धारित कार्य के एवज में अधिक राशि का भुगतान किया गया है ? यदि हां तो क्यों व कितनी अधिक राशि का भुगतान किस कारण से किया गया है ? (ग) अरपा भैंसाझार प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य की निश्चित समयावधि क्या है ? निर्माण एजेंसी द्वारा समय पर कार्य पूरा नहीं करने के लिए कितना अर्थदण्ड (पेनाल्टी) कब-कब वसूला गया है ? (घ) क्या उक्त परियोजना के निर्माण कार्य में गुणवत्ता विहीन कार्य किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो इस हेतु कौन दोषी है ? दोषियों के विरुद्ध कब-कब, क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) अरपा भैंसाझार प्रोजेक्ट के निर्माण हेतु रु. 1141.90 करोड़ की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है. योजना में शीर्ष कार्य (बैराज) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है. नहर का कार्य 81 प्रतिशत पूर्ण एवं 19 प्रतिशत अपूर्ण है. नहर निर्माण की प्रगति †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) अरपा भैंसाझार प्रोजेक्ट की निर्माण एजेंसी मे. राधेश्याम अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल रायपुर एवं एम.आर.के.आर. कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड हैदराबाद (ज्वाइंट वेंचर) है. जी नहीं. निर्माण एजेंसी को निर्धारित कार्य के एवज में अधिक राशि का भुगतान नहीं किया गया है. शेष प्रश्न की जानकारी निरंक है. (ग) अरपा भैंसाझार प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य को पूर्ण करने की वर्तमान प्रस्तावित तिथि 30-06-2022 है. परियोजना के निर्माण हेतु आवश्यक वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रकरण का अनुमोदन एवं पर्यावरणीय स्वीकृति समय पर प्राप्त नहीं होने के कारण निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ नहीं हो सका. बैराज के निर्माण कार्य एवं नहर प्रणाली के निर्माण कार्य हेतु आवश्यक भू अर्जन अधिग्रहण हेतु भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के प्रभावशील होने के कारण भू अर्जन प्रक्रिया में अतिरिक्त समय लगने के कारण एवं मुआवजा संबंधित विवाद के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में दायर 25 प्रकरण एवं भू अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ रायपुर में दायर 27 प्रकरण का निराकरण नहीं होने के कारण निर्माण एजेंसी द्वारा निर्धारित समयावधि पर निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया अतः निर्माण एजेंसी से कोई अर्थदण्ड (पेनाल्टी) नहीं वसूला गया है. (घ) जी नहीं. परियोजना के निर्माण कार्य में गुणवत्ता विहीन कार्य की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है. अतएव शेष प्रश्न की जानकारी निरंक है.

अभनपुर उद्वहन सिंचाई योजना के पंपो के केबल का बदलाव

30. (क्र. 629) **श्री सत्यनारायण शर्मा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अभनपुर नहर उद्वहन सिंचाई परियोजना उप संभाग में ई एंड एम द्वारा लगाये पंप की केबल कितने वर्ष पूर्व बदली गई थी ? नियमानुसार कितने वर्षों में बदला जाता है ? बदले गये केबल की नीलामी से कितनी आय हुई? (ख) क्या इसे बदलने हेतु पुनः कार्यवाही की जा रही है ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) अभनपुर नहर उद्वहन सिंचाई परियोजा उप संभाग में ई एंड एम द्वारा लगाये गये पंप की केबल लगभग 13 वर्ष पूर्व बदली गयी थी. केबल बदलने हेतु कोई निश्चित समयावधि निर्धारित नहीं होती है तथा यह खराब होने पर बदला जाता है. बदले गये केबल का अपलेखन पश्चात् नीलामी से राशि रु. 63,751/- की राजस्व प्राप्ति हुई. (ख) जी हां

---

† परिशिष्ट "उन्तीस" †† परिशिष्ट "तीस"

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई हेतु निर्मित नहर की मरम्मत तथा उन्नयन

31. (क्र. 637) **श्री राजमन बेंजाम** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड तोकापाल के ग्राम मटकोट में निर्मित स्टॉप डेम और मटकोट से आरापुर क्षेत्र तक निर्मित नहर का निर्माण कब किया गया था ? क्या निर्माण के बाद नहर और स्टापडेम का मरम्मत और उन्नयन कार्य किया गया है ? यदि नहीं तो, मरम्मत और उन्नयन कार्य कब तक किया जावेगा ? (ख) प्रश्नांश (क) निर्मित स्टाप डेम और नहर के माध्यम से कितने एकड़ कृषि भूमि में सिंचाई की जा रही है और कितने कृषक परिवार लाभान्वित हो रहे हैं ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) प्रश्नाधीन निर्मित नहर का निर्माण वर्ष 1983 में किया गया था. जी हां. शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है. (ख) निर्मित स्टापडेम (मटकोट व्यपवर्तन योजना) और नहर के माध्यम से गत वर्ष 2020-21 में 489.11 एकड़ कृषि भूमि में सिंचाई की गई है और 240 कृषक परिवार लाभान्वित हुए हैं.

कृषि विभाग में डी.एम.एफ. की राशि से उपकरण क्रय

32. (क्र. 649) **श्री धरमलाल कौशिक** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कृषि विभाग के द्वारा डी.एम.एफ. की राशि से विगत 02 वर्ष क्या-क्या उपकरण, किस दर पर किस एजेंसी के द्वारा खरीदे गये हैं ? जिलेवार जानकारी देवें. (ख) प्रश्नांश (क) अनुसार उपकरणों का क्रय किस प्रकार (निविदा/सीधी क्रय/अन्य प्रकार से) किया गया है ? जिलेवार जानकारी देवें.

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) कृषि विभाग के द्वारा डी.एम.एफ. की राशि से विगत 2 वर्ष में खरीदे गये उपकरण, दर एवं एजेंसीवार, वर्षवार, जिलेवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" पर है. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "स" पर है.

प्रदेश में यूरिया व डी.ए.पी. खाद का स्टॉक

33. (क्र. 652) **श्री डमरूधर पुजारी** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 02 जुलाई 2021 की स्थिति में प्रदेश में कुल कितना यूरिया व डी.ए.पी. खाद की क्लोजिंग स्टॉक शेष था. जिलेवार जानकारी देवें. यदि क्लोजिंग स्टॉक शेष था तो यूरिया व डी.ए.पी. की कमी का क्या कारण था तथा केन्द्र सरकार को कितना यूरिया व डी.ए.पी. खाद उपलब्ध कराने कब-कब पत्र व्यवहार किया गया है? (ख) वित्तीय वर्ष 2019-20 से प्रश्न दिनांक तक प्रदेश में यूरिया की खपत व डी.ए.पी. खाद की वित्तीय वर्षवार व जिलेवार जानकारी देवें ? (ग) क्या इस वित्तीय वर्ष में पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले अधिक यूरिया एवं डी.ए.पी. खाद की आवश्यकता बनी है ? यदि हां तो प्रश्नांश (क) अनुसार प्रश्नांकित अवधि में केन्द्र द्वारा कितना-कितना यूरिया व डी.ए.पी. कब-कब उपलब्ध कराया गया है ? समयवार व मात्रावार जानकारी देवें.

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) दिनांक 02 जुलाई, 2021 की स्थिति में कुल 1.43 लाख मे. टन यूरिया व 67 हजार 104 में. टन डी.ए.पी. उर्वरक का क्लोजिंग स्टॉक शेष था. जिलेवार जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" पर है. खरीफ 2021 में माह जून में यूरिया की मांग 1.10 लाख मे. टन के विरुद्ध मात्र 90 हजार 348 मे. टन की आपूर्ति होने तथा माह अप्रैल में डी.ए.पी. की मांग 30 हजार मे. टन के विरुद्ध मात्र 65 मे.टन एवं माह जून में डी.ए.पी. की मांग 80 हजार मे. टन के विरुद्ध मात्र 59 हजार 888 मे. टन की आपूर्ति होने के कारण यूरिया एवं डी.ए.पी. की कमी हुई. खरीफ-2021 के लिये उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु संचालनालय कृषि द्वारा भारत सरकार को उर्वरक मांग दिनांक 09-03-2021 को प्रेषित की गई है. माननीय मुख्य मंत्री जी की ओर से 1.50 लाख मे. टन यूरिया एवं 1.50 लाख मे.टन डी.ए.पी. की अतिरिक्त मांग हेतु माननीय मंत्री जी, रसायन एवं उर्वरक विभाग, भारत सरकार को दिनांक 10-06-2021 एवं माननीय प्रधानमंत्री जी को दिनांक 25-06-2021 को पत्र प्रेषित किया गया है. (ख) वित्तीय वर्ष 2019-20 से 02 जुलाई, 2021 तक प्रदेश में यूरिया एवं डी.ए.पी. की खपत वर्षवार एवं जिलेवार †† संलग्न प्रपत्र "ब" पर है. (ग) प्रत्येक वर्ष खरीफ एवं रबी की मांग की गणना पृथक-पृथक की जाती है. रबी 2021-22 के लिए उर्वरक मांग का आंकलन नहीं किया गया है. खरीफ 2020 में 5.00 लाख मे. टन यूरिया तथा 2.75 लाख मे. टन डी.ए.पी. उर्वरक की मांग की गई थी जिसके दृष्टिगत खरीफ 2021 में 5.50 लाख मे. टन यूरिया एवं 3.20 लाख मे. टन डी.ए.पी. की मांग की गई है. इस प्रकार पिछले खरीफ की तुलना में खरीफ 2021 में यूरिया एवं डी.ए.पी. की आवश्यकता अधिक है. प्रश्नांकित अवधि 02 जुलाई, 2021 की स्थिति में यूरिया व डी.ए.पी. उर्वरक प्राप्ति का माहवार जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "स" पर है.

---

† परिशिष्ट "ईकतीस" †† परिशिष्ट "बत्तीस"

प्रदेश में गोबर की खरीदी

34. (क्र. 657) **श्री रजनीश कुमार सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में गोबर खरीदी प्रारंभ से प्रश्न दिनांक तक कुल कितनी गोबर खरीदी गयी ? मात्रा व राशि की जानकारी जिलेवार देवें ? गोबर हेतु कितना भुगतान किया गया है, कितना भुगतान किया जाना शेष है ? जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) गोबर चोरी, गोबर पानी में बहने व अन्य कारणों से गोबर की कमी होने की कहां-कहां शिकायतें प्राप्त हुई है व उस पर क्या कार्यवाही की गई है ? शिकायतवार व जिलेवार जानकारी देवें ? प्रश्न दिनांक की स्थिति में किन-किन गोबर खरीदी केन्द्रों में कितने-कितने गोबर की कमी किन-किन कारणों से हुई है ? क्या कम हुए गोबर की पूर्ति करने सरपंचों पर दबाव डाला जा रहा है ? यदि हां तो क्यों ? (ग) खाद की बिक्री से स्व सहायता समूह को कितनी राशि प्राप्त होनी थी, कितनी प्राप्त हुई है कितनी शेष है ? जिलेवार व समूह संख्यावार जानकारी देवें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) प्रदेश में गोधन न्याय योजनान्तर्गत गोबर खरीदी प्रारंभ से प्रश्नांक दिनांक तक कुल 4,86,904.86 टन गोबर खरीदी की गई है. गोबर खरीदी की मात्रा, गोबर की राशि भुगतान की गई राशि तथा भुगतान हेतु शेष राशि का जिलेवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) प्रदेश के 4 जिलों में गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर की चोरी होने व पानी में बह जाने इत्यादि संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई है. इन शिकायतों पर की गई कार्यवाही का विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. गोठानों (गोबर खरीदी केन्द्रों) में गोबर की कमी संबंधी कोई जानकारी विभाग के संज्ञान में नहीं आई है. अतः सरपंचों पर गोबर की पूर्ति हेतु दबाव डालने संबंधी प्रश्न उपस्थित नहीं होता है. (ग) गोधन न्याय योजनान्तर्गत कम्पोस्ट विक्रय पश्चात् स्व सहायता समूह को देय राशि, भुगतान की गई राशि एवं भुगतान हेतु शेष राशि का जिलेवार व समूहवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

उद्यानिकी विभाग द्वारा खाद, बीज व दवाई की राशि का कृषकों को वितरण

35. (क्र. 661) **श्री विद्यारतन भसीन** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि उद्यानिकी विभाग को जुलाई, 2020 में खाद, बीज व दवाई वितरण की राशि सीधे किसान के खाते में दिये जाने के आदेश हैं ? (ख) इस वित्तीय वर्ष में उद्यानिकी विभाग द्वारा खाद, बीज व दवाई क्रय हेतु कब-कब, किस संस्था को आदेश दिया गया है तथा इनके द्वारा कब सामग्री की अपूर्ति की गई है व इन्हें कितना भुगतान किया गया है व कितना भुगतान किया जाना शेष है ? क्रय आदेश/अनुबंध में निर्धारित अवधि में सामग्री आपूर्ति नहीं करने पर क्या कार्यवाही करने के नियम हैं व क्या कार्यवाही की गई ? क्या इन क्रय आदेशों को जारी करने में प्रश्नांक "क" के अनुसार, आदेश का पालन नहीं किया गया है ? यदि हां, तो क्यों ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जी हां. (ख) वित्तीय वर्ष 2021-22 में दिनांक 15-07-2021 तक उद्यानिकी विभाग द्वारा खाद, बीज व दवाई क्रय हेतु विभिन्न संस्थानों को जारी क्रय आदेश, सामग्री आपूर्ति, भुगतान तथा शेष भुगतान की जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है. क्रय आदेश/अनुबंध में निर्धारित अवधि में सामग्री आपूर्ति नहीं करने पर संबंधित प्रदायक के विरूद्ध सुरक्षा निधि राजसात करने/काली सूची में डालने जैसी कार्यवाही करने के नियम है. उपरोक्त क्रय आदेशों में कंडिका "क" अनुसार निर्देशों का पालन किया गया है.

बिलासपुर संभाग में धान का मानक/प्रमाणिक बीज का वितरण

36. (क्र. 664) **डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर संभाग में खरीफ फसल हेतु धान के मानक/प्रमाणिक बीज वितरण का कितने क्विंटल का लक्ष्य रखा गया है और लक्ष्य के विरुद्ध कितने क्विंटल का वितरण किया गया हैं ? (ख) प्रश्नांक "क" अनुसार, अमानक बीज वितरण के संबंध में क्या कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही हुई ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) खरीफ वर्ष 2021 में बिलासपुर संभाग में धान के प्रमाणित बीजों के वितरण हेतु 2,93,100.00 क्विंटल की मांग थी, जिसके विरुद्ध दिनांक 13-07-2021 तक 2,68,942.40 क्विंटल प्रमाणित धान बीजों का उठाव कृषकों द्वारा किया गया है. (ख) जी नहीं.

† परिशिष्ट "तैंतीस" †† परिशिष्ट "चौंतीस"

बिलासपुर संभाग में काडा नाली निर्माण

37. (क्र. 665) **डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर संभाग में सत्र 2019-20 से प्रश्न दिनांक तक कितने हेक्टेयर क्षेत्र में काडा नाली का निर्माण किस-किस मद से, कहां-कहां किया गया है ? (ख) प्रश्नांक "क" अनुसार, जलाशयों से निस्तारी हेतु तालाब को भरे जाने हेतु स्थायी के तहत क्या काडा नाली का निर्माण किया गया है ? पंचायतवार, तालाबों के नाम सहित जानकारी देवें.

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) बिलासपुर संभाग में सत्र 2019-20 से प्रश्न दिनांक तक 527.548 हेक्टेयर क्षेत्र में काडा नाली का निर्माण मद संख्या 40-4705 में ग्राम कोमो, खैरा, बड़ेमुड़पार, सकराली, कुसमूल एवं सुखदा में किया गया है. (ख) जी नहीं. शेष प्रश्नांश की जानकारी निरंक समझी जावे.

- - - - - - - - - - - - -

अतारांकित प्रश्नोत्तर

रायपुर जिले के भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु भवन व्यवस्था

1. (क्र. 11) **श्री कुलदीप जुनेजा** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि दिनांक 06-03-2020 की स्थिति में रायपुर जिले के 537 आंगनबाड़ी केन्द्रों के पास अपने स्वयं का भवन नहीं था ? यदि हां, तो वर्ष 2020-21 में दिनांक 01-04-2020 से दिनांक 31-03-2021 की अवधि में कितने भवन विहीन केन्दों के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति जारी हुई ? (ख) प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में यदि कोई भी भवन निर्माण की स्वीकृति जारी नहीं हुई तो क्यों ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) जी हां, दिनांक 06-03-2020 की स्थिति में रायपुर जिले के 537 आंगनबाड़ी केन्द्र स्वयं के भवन में संचालित नहीं थे. वर्ष 2020-21 में 01-04-2020 से दिनांक 31-03-2021 की अवधि में 07 भवन विहीन केन्द्रों के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति जारी हुई. (ख) रायपुर जिले के लिए वर्ष 2020-21 में 07 केन्द्रों के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति जारी की गई है.

बलौदाबाजार भाटापारा जिले मे उद्योगों को पानी की पूर्ति

2. (क्र. 18) **श्री कुलदीप जुनेजा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि खपरी-सोनाडीह एनकीट से नुवोको विस्टास, प्राईवेट लि. सोनाडीह (पूर्व में लाफार्ज सीमेंट) तथा केसला एनीकट से अनिमेश इस्पात संयंत्र, बायोगैस पावर प्लांट, खजुरी ढाबाडीह उद्योग को शासन द्वारा निर्धारित दर रु. 10.50 प्रति घन मीटर की दर से पानी दिया जा रहा है ? यदि हां तो दिनांक 26-06-2021 की स्थिति में इनसे कितनी राशि वसूली हेतु बकाया है ? (ख) प्रश्नांश ''क'' अनुसार राशि वसूली हेतु अब-तक क्या कार्यवाही की गई है ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जी हां, शासन द्वारा निर्धारित दर 10.50 प्रति घन मी. की दर से पानी दिया जा रहा है. दिनांक 26-06-2021 की स्थिति में उपरोक्त उद्योगों से वसूली हेतु बकाया राशि निरंक है. (ख) अतः शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

प्रदेश में भूगर्भ एवं सतही जल स्तर

3. (क्र. 36) **श्री शैलेश पाण्डे** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ. ग. में वर्तमान स्थिति में भूगर्भ जल स्तर और सतही जल स्तर कितना है ? (ख) सिंचाई के लिये, पीने के लिये, उद्योगों के लिये विभाग द्वारा किस अनुपात में जल प्रदान किया जाता है ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) भौगोलिक स्थिति अनुसार भूगर्भ जल स्तर एवं सतही जल स्तर अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग होता है. अतः सामान्यतः जलस्तर बताया जाना संभव नहीं है. (ख) सिंचाई के लिए, पीने के लिए, उद्योगों के लिए जल प्रदाय हेतु कोई अनुपात तय नहीं है. प्रक्रियाधीन जल नीति के तहत प्राथमिकता में पेयजल के पश्चात् सिंचाई एवं उद्योगों को जल प्रदाय किये जाने का प्रावधान है.

बिलासपुर जिले अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न आश्रम

4 (क्र. 37) **श्री शैलेश पाण्डे** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा कितनी शासकीय और अशासकीय (अनुदान प्राप्त) वृद्धाश्रम, या अन्य आश्रम संचालित है ? (ख) उक्त आश्रम में रहने वाले व्यक्तियों को क्या कोरोना की वैक्सीन लगाई गई है ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) बिलासपुर जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा 02 शासकीय एवं 07 अशासकीय (अनुदान प्राप्त) वृद्धाश्रम या अन्य संस्था/आश्रम संचालित है. (ख) 07 संस्थाओं में से 6 संस्था में रहने वाले व्यक्तियों को कोरोना की प्रथम डोज तथा 1 संस्था में दोनो डोज वैक्सीन लगाई गयी है. 02 संस्थाओं में प्रशिक्षण कार्य स्थगित होने के फलस्वरूप टीकाकरण नहीं हो पाया है.

जांजगीर चांपा जिले में पशुपालन संबंधी ऋण हेतु चयनित हितग्राही

5. (क्र. 56) **श्री सौरभ सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर चाम्पा जिले में पिछले 2 वित्तीय वर्ष में और वर्तमान वित्तीय वर्ष में पशुपालन संबंधी ऋण प्रदाय हेतु कुल कितने हितग्राहियों का चयन किया गया ? विकासखण्डवार हितग्राही के नाम सहित जानकारी बताएं ? (ख) क्या स्वीकृत हितग्राहियों के लिए अनुदान जारी कर दिया गया है ? यदि नहीं तो कब तक जारी कर दिया जायेगा ? पशुपालन हेतु अनुदान के लिए कितने आवेदन लंबित है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) विभाग द्वारा पशुपालन संबंधी ऋण प्रदाय नहीं किया जाता है, तथापि जांजगीर-चांपा जिले में पिछले 2 वित्तीय वर्ष में 13 हितग्राहियों का चयन बैंक ऋण स्वीकृति उपरांत तथा 6 हितग्राहियों का चयन स्व-वित्तीय निवेश उपरांत कुल 19 हितग्राहियों का चयन राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना एवं राज्य बकरी उद्यमिता विकास योजनांतर्गत अनुदान प्रदाय हेतु किया गया है और वर्तमान वित्तीय वर्ष में अद्यतन किसी भी हितग्राही का चयन अनुदान प्रदाय हेतु नहीं किया गया है. विकासखण्डवार हितग्राही के नाम सहित जानकारी प्रपत्र "अ" में † संलग्न है. (ख) जी हॉ, स्वीकृत हितग्राहियों के लिए पात्रतानुसार अनुदान जारी कर दिया गया है. पशुपालन हेतु अनुदान के लिए वर्तमान में कोई भी आवेदन लंबित नहीं है. विकासखण्डवार जानकारी प्रपत्र "ब" में † संलग्न है.

जांजगीर चांपा जिले में दुग्ध महासंघ को प्राप्त अनुदान

6. (क्र. 57) **श्री सौरभ सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर चाम्पा जिले में दुग्ध महासंघ द्वारा कुल कितनी समितियों से दुग्ध एकत्रित किया जाता है और इसके लिये प्रति लिटर कुल कितने राशि का भुगतान किया जाता है ? समिति का नाम सहित बताये ? (ख) दुग्ध महासंघ को प्रति लिटर कितनी राशि अनुदान के रूप में शासन से मिलती है ? (ग) दुग्ध महासंघ द्वारा विगत चार वर्षों मे अमूल, वचन, सी.जी.सोया एवं अन्य निजी संस्थाओं को कितने लीटर दुग्ध का वितरण किस दर पर किया गया एवं किन-किन सोसायटी एवं कंपनी को कितने लीटर दुग्ध पाउडर बनाने हेतु दिया गया ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जांजगीर चाम्पा जिले में दुग्ध महासंघ द्वारा कुल 67 समितियों से दुग्ध एकत्रित किया जाता है और इसके लिए दुग्ध की गुणवत्ता 4.0 प्रतिशत धृतांश एवं 8.50 प्रतिशत अधृतठोस पर कुल रुपये 33.25 प्रति लीटर (रु. 27.00 दुग्ध क्रय मूल्य + रु. 2.50 दुग्ध परिवहन अनुदान + रु. 3.75 पशु आहार अनुदान) का भुगतान किया जाता है. दुग्ध की गुणवत्ता कम या अधिक होने पर क्रय मूल्य में अनुपातिक कमी या वृद्धि की जाता है. समिति का नाम प्रपत्र "अ" में †† संलग्न है. (ख) दुग्ध महासंघ को दुग्ध सहकारी समिति के माध्यम से दुग्ध प्रदाय कर रहे दुग्ध उत्पादक कृषकों के लिये रु. 2.50 प्रति लीटर दुग्ध परिवहन अनुदान तथा रु. 3.75 प्रति लीटर पशु आहार अनुदान कुल राशि रु. 6.25 प्रति लीटर अनुदान के रूप में शासन से मिलती है. (ग) दुग्ध महासंघ द्वारा विगत चार वर्षों में अमूल, वचन, सी.जी.सोया एवं अन्य निजी संस्थाओं को वितरण किये गये दुग्ध की मात्रा एवं दर की जानकारी प्रपत्र "ब" में †† संलग्न है. दूध पाउडर बनाने हेतु सोसयटी एवं कंपनी आदि को दिये गये दूध की जानकारी प्रपत्र "स" में †† संलग्न है.

रायगढ़ जिला अंतर्गत मछली पालन लाभान्वित कृषक

7. (क्र. 102) **श्री प्रकाश शक्राजीत नायक** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में मछली पालन विभाग को वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 से दिनांक 01-07-2021 तक मत्स्य पालन हेतु कितनी-कितनी राशि कौन-कौन सी योजना में कहां-कहां प्रदाय की गई है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश "क"अनुसार कुल कितने कृषकों को लाभान्वित किया गया है ? कृषकों को कितना-कितना अनुदान दिया गया है ? विकासखण्डवार जानकारी प्रदाय करें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) रायगढ़ जिले में मछली पालन विभाग को वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 से दिनांक 01-07-2021 तक विभिन्न योजनाओं में राशि प्रदान की गई. योजना की राशि जिले को आबंटित की जाती है विकासखंडवार राशि आबंटित नहीं की जाती, जिले स्तर से कार्य की आवश्यकतानुसार राशि विकासखंडों में व्यय की जाती है. वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 से दिनांक 01-07-2021 तक विभिन्न योजनाओं में व्यय की गई राशि की विकासखण्डवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"एक" पर है. (ख) प्रश्नांश "क" अनुसार कुल 1968 कृषकों को लाभान्वित किया गया है. कृषकों को दिए गए अनुदान की विकासखण्डवार जानकारी पर पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"दो" पर है.

† परिशिष्ट "पैंतीस" †† परिशिष्ट "छत्तीस"

म. बा. वि. की योजना हेतु केन्द्र से प्राप्त राशि

8 (क्र. 122) **श्रीमती संगीता सिन्हा** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महिला एवं बाल विकास की किन-किन योजनाओं हेतु वर्ष 2018-19 से दिनांक 30 जून, 2021 तक केन्द्र सरकार द्वारा कितनी राशि दी गई ? (ख) वर्तमान में प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग की कौन-कौन सी योजनायें संचालित है ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) वित्तीय वर्ष 2018-19 से दिनांक 30 जून, 2021 तक केन्द्र सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग को योजनावार प्राप्त राशि का विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" में है. (ख) वर्तमान में प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग में संचालित योजनायें प्रपत्र "ब" में † संलग्न है.

दिव्यागंजनों के कल्याणार्थ शासन की संचालित योजनाएं

9 (क्र. 123) **श्रीमती संगीता सिन्हा** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु वर्तमान में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कौन-कौन सी योजनायें संचालित हैं ? योजनावार दिये जाने वाले लाभ की जानकारी देवें ? (ख) जिला बालोद अंतर्गत दिव्यांगों द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं ट्रायसाइकिल हेतु कितने आवेदन वर्ष 2018-19 से दिनांक 30 जून, 2021 तक प्राप्त हुए हैं ? इनमें से कितने आवेदनों का निराकरण किया गया एवं शेष आवेदनों का निराकरण कब तक कर लिया जावेगा ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ग) प्रश्नांश "ख" की अवधि में कितने दिव्यांगों को हस्तचलित एवं कितने को बैटरीचलित ट्रायसाईकिल प्रदान की गयी ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" पर है. (ख) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" पर है. (ग) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "स" पर है.

गौठान विकास व रखरखाव हेतु प्राप्त "अतिरिक्त आबकारी शुल्क" से प्राप्त राशि

10. (क्र. 158) **श्री अजय चंद्राकर** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राज्य सरकार के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने गौठान के विकास और रख-रखाव के लिए, राशि की आवश्यकता की प्रतिपूर्ति हेतु देशी और विदेशी मदिरा (स्प्रिट) बिक्री कर पूर्ति हेतु देशी व विदेशी मदिरा (स्प्रिट) (न्यूनतम ड्यूटी दर) के फुटकर विक्रय दर पर प्रति नग (बोतल, अद्धा, पाव) रुपये 5/- की दर से "अतिरिक्त आबकारी शुल्क" अधिरोपित किया गया था के अनुसार अधिसूचना जारी दिनांक से 30 जून, 2021 तक वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग से अतिरिक्त आबकारी शुल्क में से कुल कितनी राशि इस विभाग को प्राप्त हुई है, तथा प्राप्त राशि का उपयोग कहां-कहां किन योजनाओं में व्यय किया गया जिलावार बतायें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : गौठान विकास व रख-रखाव हेतु "अतिरिक्त आबकारी शुल्क" से कृषि एवं पशुधन विकास विभाग को कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है. गोधन न्याय योजनान्तर्गत गोबर खरीदी की राशि के भुगतान हेतु संचालनालय कृषि को वर्ष 2020-21 में राशि रु. 2700 लाख तथा वर्ष 2021-22 में राशि रु. 800 लाख इस प्रकार कुल राशि रु. 3500 लाख प्राप्त हुई है, जिसमें से वर्ष 2020-21 में राशि रु. 2341.60 लाख तथा वर्ष 2021-22 में राशि रु. 548.31 लाख इस प्रकार कुल राशि रु. 2889.91 लाख जिलों को गोबर खरीदी की राशि के भुगतान हेतु प्रदाय किया गया है. जिलेवार प्रदाय राशि का विवरण ‡ संलग्न परिशिष्ट पर है.

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत प्रावधानित एवं व्यय राशि

11 (क्र. 159) **श्री अजय चन्द्राकर** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2019-20 व 2020-21 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना हेतु कितना बजट प्रावधान किया गया है ? 1 दिसंबर, 2018 से 30 जून, 2021 तक कितने जोड़े का विवाह कराया गया है ? कितनी राशि आबंटित की गयी है ? जिलेवार बतायें. इस अवधि में सामग्री खरीदने व उपयोग करने की प्रक्रिया क्या थी ? इस प्रक्रिया में कितनी राशि खर्च की गयी तथा सामग्री खरीदने व उपयोग करने के संबंध में 30 जून, 2021 की स्थिति में क्या-क्या अनियमितता की ? कितनी शिकायत पायी गयी जिलेवार बतायें ? (ख) क्या जिला महासमुंद में इस योजनांतर्गत वर्ष 2019-20 व 2020-21 अंतर्गत अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुयी है ? यदि हां, तो उन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गयी तथा उसकी रिपोर्ट क्या है ? और उस रिपोर्ट पर क्या अब तक कार्यवाही की गयी ?

† परिशिष्ट "सैंतीस" †† परिशिष्ट "अड़तीस" ‡ परिशिष्ट "उन्चालीस"

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में 19 करोड़ एवं 2020-21 में 19 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया था. प्रश्नाधीन अवधि में चाही गई जिलावार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) जी हां. प्राप्त शिकायत पर जांच हेतु राज्य स्तर से जांच दल गठित किया गया. जांच में सामग्री क्रय में छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता के नियम 284 का उल्लंघन होना पाया गया. प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है.

प्रदेश में खरीफ फसलों के प्रमाणित एवं आधार बीजों के मांग एवं आपूर्ति

12. (क्र. 243) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में दिनांक 03-07-21 तक खरीफ फसलों की धान, मक्का एंव दलहन, तिलहन आदि की फसलों हेतु प्रमाणित एवं आधार बीजों की कितनी-कितनी मात्रा की मांग थी एवं कितनी-कितनी मात्रा में आपूर्ति की गई ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में दिनांक 03-07-21 तक स्थिति में खरीफ फसलों के प्रमाणित एवं आधार बीजों की मांग एवं उसके विरूद्ध की गई आपूर्ति (भण्डारण) का वर्षवार, फसलवार विवरण †† संलग्न परिशिष्ट पर है.

प्रदेश में निर्मित जल संग्रह संस्थानों से जल आपूर्ति

13. (क्र. 244) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में दिनांक 03-07-21 तक निर्मित जल संग्रह संस्थानों जैसे :- जलाशय, एनीकट, बैराज तथा नदी नालों से विभिन्न प्रयोजनों जैसे :- कृषि, पेयजल, निस्तारी उद्योग एवं विद्युत प्रदाय आदि कार्यों के लिए कितनी-कितनी मांग में किन-किन संस्थानों को जल प्रदाय किया गया ? कृपया अलग-अलग जानकारी देवें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 में निर्मित जल ग्रहण संरचनाओं यथा जलाशय, बैराज, एनीकट आदि से कृषि प्रयोजन हेतु क्रमशः 12,92,300 हेक्टेयर तथा 13,57,933 हेक्टेयर रकबे में सिंचाई हेतु जल प्रदाय किया गया है. वर्ष 2021-22 में वर्तमान में खरीफ सिंचाई चल रही है तथा गिरदावली नहीं हुई है. अतः वर्ष 2021-22 में दिनांक 03-07-2021 तक निर्मित संरचनाओं से सिंचाई रकबे की जानकारी दिया जाना संभव नहीं है. उक्त जानकारी ‡ संलग्न प्रपत्र-"अ" में दर्शित है. वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में दिनांक 03-07-2021 तक निर्मित जल संरचनाओं तथा नदी नालों से निस्तारी तालाबों की संख्या जिनमें जल प्रदाय किया गया है, की जानकारी ‡ संलग्न प्रपत्र-"अ" तथा अन्य प्रयोजन यथा नगरी निकाय को पेयजल हेतु एवं उद्योगों को मांग के अनुसार प्रदाय जल की मात्रा संस्थानवार ‡ संलग्न प्रपत्र-"ब" में दर्शित है.

शिवरीनारायण बैराज निर्माण की स्वीकृत राशि एवं कार्यों की स्थिति

14. (क्र. 270) **श्रीमती इन्दू बंजारे** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शिवरीनारायण महानदी में निर्माणाधीन बैराज में कितनी राशि स्वीकृत एवं कितनी राशि खर्च की गई है एवं कार्यों के पूर्ण/अपूर्ण की जानकारी देवें.

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : स्वीकृत राशि रु. 16242.75 लाख (पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति). व्यय राशि रु. 15394.44 लाख (दिनांक 30-06-2021 तक). कार्य-अपूर्ण.

जांजगीर-चांपा जिला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद

15. (क्र. 271) **श्रीमती इन्दू बंजारे** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जांजगीर चांपा जिला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद की केन्द्रवार की जानकारी देवें.

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : जांजगीर चांपा जिला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद की केन्द्रवार जानकारी ‡‡ संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

† परिशिष्ट "चालीस" †† परिशिष्ट "ईकचालीस" ‡ परिशिष्ट "बयालीस" ‡‡ परिशिष्ट "तिरालीस"

जल प्रबंध संभाग क्रमांक-01 एवं 02 में उपअभियंताओं के स्वीकृत पद

16. (क्र. 324) **श्री सत्यनारायण शर्मा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जल प्रबंध संभाग क्रमांक-01 रायपुर एवं जल प्रबंध संभाग क्रमांक-02 बलौदाबाजार में उप-अभियंताओं के कितने पद स्वीकृत हैं ? पृथकपृथक, संभागवार बताएं. (ख) इसके विरूद्ध कितने उप-अभियंता उक्त संभागों में कार्यरत हैं ? पृथक -पृथक, संभागवार बताएं.

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जल प्रबंध संभाग क्रमांक-01 रायपुर में उपअभियंता के 25 पद एवं जल प्रबंध संभाग क्रमांक-02 बलौदाबाजार में उपअभियंता के 14 पद स्वीकृत है. (ख) जल प्रबंध संभाग क्रमांक-01 रायपुर में उपअभियंता के स्वीकृत 25 पद के विरूद्ध 10 तथा जल प्रबंध संभाग क्रमांक-02 बलौदाबाजार में उपअभियंता के स्वीकृत 14 पद के विरूद्ध 06 उपअभियंता कार्यरत हैं.

अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में रेडी टू ईट फूड का संचालन

17. (क्र. 338) **अनूप नाग** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 01 जनवरी, 2019 से 31 मार्च, 2021 तक रेडी टू ईट फूड के तहत कौन-कौन से समूहों द्वारा निर्माण का कार्य किया जा रहा है ? विकासखण्डवार समूह का नाम उपलब्ध कराएं. उक्त समूहों को रेडी-टू-ईट फूड निर्माण हेतु सामग्री कौन उपलब्ध कराता है ? (ख) अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने रेडी-टू-ईट केन्द्र संचालित है ? संचालित रेडी-टू-ईट केन्द्रों के संचालन के लिए शासन द्वारा प्रतिमाह कितनी राशि किन-किन कार्यों हेतु आबंटित की जाती है ? कृपया समूहवार माहवार प्रदाय राशि का 01 जनवरी 2019 से 31 मार्च 2021 तक विवरण विकासखण्डवार देवें ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नाधीन अवधि में रेडी टू ईट का निर्माण कर रहे महिला स्व सहायता समूहों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार है. रेडी टू ईट फूड निर्माण हेतु गेहूं का प्रदाय शासन द्वारा किया जाता है तथा रेडी टू ईट में शामिल शेष सामग्री का क्रय महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किया जाता है. (ख) अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रेडी टू ईट का संचालन 25 महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है. रेडी टू ईट फूड निर्माण हेतु महिला स्व सहायता समूहों का प्रति किलोग्राम 50/- रुपये के मान से राशि आबंटित की जाती है. इन समूहों को प्रश्नाधीन अवधि में भुगतान की गई राशि की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार है.

जिला बस्तर अंतर्गत लंबित पेंशन प्रकरण

18. (क्र. 380) **श्री बघेल लखेश्वर** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बस्तर अंतर्गत 31 मार्च 2021 की स्थिति में कुल कितने पेंशन प्रकरण से संबंधित आवेदन पत्र (वृद्धावस्था, सामाजिक सुरक्षा, विकलांगता एवं अन्य जो पंचायत विभाग के अधीन संचालित है) लंबित है ? (ख) लंबित प्रकरणों का निराकरण कब तक पूरा कर लिया जावेगा ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है. (ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी

19. (क्र. 397) **डॉ. रमन सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) गोधन न्याय योजनांतर्गत योजना प्रारंभ से 15 जून, 2021 तक कुल कितने टन गोबर की खरीदी की गई ? खरीदी के लिए किस मद से कितनी राशि व्यय की गई ? जिलेवार विवरण दें ? (ख) गोधन न्याय योजना क्रियान्वयन हेतु अलोच्य अवधि में किस शीर्ष में कितनी-कितनी राशि का वित्तीय प्रावधान किया है ? (ग) उपरोक्त खरीदे गये गोबर से कितना उत्पाद तैयार किया गया, जिलेवार विवरण दें ? (घ) उत्पादों के विक्रय से कितने राजस्व की प्राप्ति हुई तथा कितने टन गोबर नष्ट हुआ ? क्रय एवं उत्पाद के अन्तर से कितनी हानि हुई उसके लिए कौन जिम्मेदार है ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) गोधन न्याय योजनान्तर्गत योजना प्रारंभ से 15 जून, 2021 तक कुल 4,82,495.16 टन गोबर

की खरीदी की गई. गोबर खरीदी के लिए गोधन न्याय योजना अंतर्गत राशि रु. 9,649.86 लाख का व्यय किया गया है. जिलेवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) गोधन न्याय योजना क्रियान्वयन हेतु कृषि विभाग में योजना क्रमांक (6448)-गोधन न्याय योजना अंतर्गत वर्ष 2020-21 में मांग संख्या-13 में राशि रु. 4,200.00 लाख, मांग संख्या-41 में राशि रु. 3,000.00 लाख एवं मांग संख्या-64 में राशि रु. 800.00 लाख इस प्रकार कुल राशि रु. 8,000.00 लाख तथा वर्ष 2021-22 में मांग संख्या-13 में राशि रु. 8,750.00 लाख, मांग संख्या-41 में राशि रु. 6650.00 लाख एवं मांग संख्या-64 में राशि रु. 2,100.00 लाख इस प्रकार कुल राशि रु. 17,500.00 लाख का वित्तीय प्रावधान किया गया है. (ग) कंडिका ''क'' अनुसार क्रय गोबर से 57,149.76 टन वर्मी कम्पोस्ट, 20,309.60 टन सुपर कम्पोस्ट तथा 7,241.01 टन अन्य उत्पाद तैयार किया जा चुका है. जिलेवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. (घ) कंडिका ''ग'' अनुसार तैयार उत्पादों के विक्रय से राशि रु. 46.58 करोड़ प्राप्त हुई. गोबर नष्ट नहीं हुआ है, अपितु लगभग 575.54 टन गोबर, अतिवृष्टि से बह गया है. क्रय गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट एवं अन्य उत्पाद का उत्पादन निरंतर जारी है. अतः क्रय एवं उत्पाद के अन्तर से हानि निरंक है. अतः शेष प्रश्नांश उदभुत नहीं होता है.

पंचायतों में गौठान निर्माण हेतु स्वीकृत राशि

20. (क्र. 458) **श्री ननकी राम कंवर** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ. ग. राज्य अंतर्गत पंचायतों में गौठानों का निर्माण करने हेतु कौन-कौन से मद से व्यय किया गया है ? तथा कौन से मद से गौठान निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई है ? (ख) कोरबा जिला अंतर्गत गौठान निर्माण हेतु किन-किन पंचायतों को कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई है ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) छ. ग. राज्य अंतर्गत पंचायतों में गौठानों का निर्माण करने हेतु महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से राशि व्यय एवं स्वीकृत की गई है. (ख) कोरबा जिला अंतर्गत गौठान निर्माण हेतु 294 ग्राम पंचायतों को राशि रुपये 1552.20 लाख आबंटित की गई है. ग्राम पंचायतवार आबंटित राशि का विवरण †† संलग्न परिशिष्ट पर है.

सरगुजा जिले में माईक्रो वाटरशेड योजना अंतर्गत कराए गए कार्य

21. (क्र. 474) **डॉ. प्रीतम राम** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क)सरगुजा जिले में माईक्रों वाटरशेड क्षेत्र योजना अंतर्गत जनवरी, 2019 से 03-07-2021 तक किन-किन स्थानों में कितनी-कितनी लागत से कौन-कौन सी एजेंसी तथा एनजीओं के माध्यम से कार्य कराए गए. विधानसभा क्षेत्रवार प्रति इकाई लागत दर सहित जानकारी प्रदान करेंगे ? (ख) प्रश्नांश ''क'' अनुसार योजना के क्रियान्वयन के लिए स्थल चयन के क्या मापदण्ड है, उक्त योजना अंतर्गत निर्माण किए गए कार्य से कितने किसानों के कितने हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई तथा फसल के उत्पादन में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ? वर्षवार जानकारी प्रदान करेंगे ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में सरगुजा जिले में एकीकृत जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत कराये गये कार्यों की ग्रामवार, कार्यवार लागत तथा कार्य एजेंसी की विधानसभा क्षेत्र/विकासखण्डवार जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट पर है. उक्त किये गये कार्यों की प्रति इकाई लागत दर निर्धारित नहीं है, अपितु परियोजना लागत दर रु. 15,000/- प्रति हेक्टेयर निर्धारित है. (ख) प्रश्नांश ''क'' अनुसार वाटरशेड विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा जारी समान मार्गदर्शी सिद्धांत-2008 (यथा संशोधित 2011) के बिंदु क्रमांक 48 के अनुसार (क) पेयजल की अत्याधिक कमी (ख) भू-जल संसाधनों का अत्याधिक दोहन (ग) बंजर भूमि/ अवक्रमित भूमि की अधिकता (घ) पहले ही विकसित/सुधार किए जा चुके किसी अन्य वाटरशेड के साथ निकटता (ड) स्वेच्छिक रूप से योगदान करने, सामान्य संपत्ति संसाधनों को बांटने के लिए समान सामाजिक विनियमों को लागू करने, लाभों का समान वितरण करने तथा सृजित की गई परिसम्पत्तियों के संचालन एवं रख-रखाव हेतु व्यवस्थाएं करने के लिए ग्रामीण समुदाय की सहमति होना (च) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों का अनुपात (छ) परियोजना का क्षेत्र सुनिश्चित सिंचाई के अंतर्गत शामिल नहीं होना चाहिए (ज) भूमि की उत्पादन क्षमता, मानदण्डों के आधार पर स्थल चयन किये जाने का प्रावधान है. योजना अंतर्गत निर्माण किये गये कार्यों से 484 किसानों के 296.014 हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई तथा फसल उत्पादन में औसतन 12.05 प्रतिशत की वृद्धि हुई. वर्षवार जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट पर है.

दिव्यांगो को प्रदाय हेतु सामग्री क्रय

22. (क्र. 483) **श्री शिवरतन शर्मा** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिसंबर 2018 से शासन की विभिन्न योजना के अंतर्गत दिव्यांगों को प्रदान करने हेतु किस-जिले में कितने ट्रायसायकल, मोटराईज्ड ट्रायसायकल, श्रवणयंत्र बैसाखी आदि किस संस्था में किस-किस दर पर कितनी मात्रा में खरीदी गयी है ? (ख) वर्तमान में उक्त खरीदी गयी सामग्री में कितना वितरण करना शेष है तथा किस-किस विकासखंड में कितना वितरण किया गया है ?

† परिशिष्ट ''चौवालीस '' †† परिशिष्ट ''पैंतालीस '' ‡ परिशिष्ट ''छियालीस ''

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" पर है.

प्रदेश में संचालित पेंशन योजना और भुगतान

23. (क्र. 484) **श्री शिवरतन शर्मा** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य शासन द्वारा रायपुर संभाग के किस-किस जिले मे दिसंबर 2018 से दिनांक 05-7-2021 तक कितने लोगों का निराश्रित, वृद्धावस्था, सुखद सहारा, जैसी योजना में पेंशन स्वीकृत किये गये है तथा उक्त अवधि में कितने पेशंनधारियों की मृत्यु हो गयी ? (ख) उक्त अवधि में दिये गये कितने आवेदन लंबित है कितने निरस्त किये गये है, जिलेवार जानकारी प्रदान करें ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) राज्य शासन द्वारा रायपुर संभाग के जिलों में दिसंबर, 2018 से दिनांक 05-07-2021 तक सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित पेंशन योजनाओं में स्वीकृत प्रकरण एवं मृत हितग्राहियों की जानकारी निम्नानुसार है -

क्रमांक	जिले का नाम	स्वीकृत प्रकरण	मृत हितग्राही
1.	रायपुर	16425	3002
2.	बलौदाबाजार-भाटापारा	18575	4792
3.	गरियाबंद	5902	824
4.	महासमुंद	17389	5167
5.	धमतरी	8285	2084
	योग	**66576**	**15869**

(ख) प्रश्नांक "क" में उल्लेखित अवधि में प्राप्त आवेदनों में कोई भी लंबित नहीं है. निरस्त आवेदनों की जिलेवार जानकारी निम्नानुसार है-

क्रमांक	जिले का नाम	निरस्त प्रकरण
1.	रायपुर	2956
2.	बलौदाबाजार-भाटापारा	1376
3.	गरियाबंद	1852
4.	महासमुंद	483
5.	धमतरी	3613
	योग	**10280**

विभिन्न योजना शीर्ष में प्रावधानित एवं व्यय राशि

24. (क्र. 522) **श्री पुन्नूलाल मोहले** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में योजना शीर्ष 7680 मद 25-006, योजना शीर्ष 7680 मद 28-006, योजना शीर्ष 9044 मद 25-066, एवं योजना शीर्ष 9050 मद 25-002, योजना शीर्ष 9050 मद 25-006, में कितनी राशि का प्रावधान किया गया तथा कितना शेष है ? (ख) उक्त राशि को किन कार्यों में व्यय किया गया ? कार्यादेश प्रदाय फर्म का नाम, कार्यादेश पत्र क्रमांक/दिनांक, कार्यादेश राशि, क्रय की प्रक्रिया, फर्म द्वारा सामग्री प्रदान करने का दिनांक फर्म देयक क्रमांक एवं भुगतान की गई राशि तथा दिनांक भी बतावें ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) एवं (ख) जानकारी संकलित की जा रही है.

बेचा व्यपवर्तन एवं देवगांव जलाशय निर्माण की स्थिति

25. (क्र. 552) **श्री चंदन कश्यप** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला नारायणपुर अंतर्गत बेचा व्यपवर्तन एवं देवगांव जलाशय निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है ? उक्त जलाशय निर्माण कब तक पूर्ण होगा ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : जिला नारायणपुर अंतर्गत बेचा व्यपवर्तन योजना में निविदा आमंत्रित की गई थी, परंतु किसानों के विरोध के कारण निविदा निरस्त की गई. किसानों को समझाने का प्रयास किया गया था, लेकिन किसान सहमत नहीं हुए. पुनः उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है. देवगांव जलाशय योजना वन प्रभावित योजना है. वन प्रकरण का रजिस्ट्रेशन हो चुका है एवं वर्तमान में इसका निराकरण प्रक्रियाधीन है. वन प्रकरण के निराकरण के उपरांत योजना के निर्माण की कार्यवाही की जावेगी. उपरोक्त स्थिति में इन योजनाओं की पूर्णता तिथि बताया जाना संभव नहीं है.

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में मत्स्य विभाग द्वारा तालाबों का निर्माण

26. (क्र. 553) **श्री चंदन कश्यप** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 2019-20 से 30 जून, 2021 के मध्य मत्स्य विभाग द्वारा कितने तालाबों का निर्माण कितनी-कितनी लागत से कराया गया ? शासकीय व्यक्तिगत पृथक-पृथक जानकारी उपलब्ध कराने का कष्ट करें. (ख) प्रश्नांश (क) में संचालित योजनाओं में कितने हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया ? जिलेवार ब्यौरा उपलब्ध करावे? (ग) क्या प्रश्नांश (क) अनुसार योजना के संचालन के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई या विभाग के संज्ञान में आयी थी ? यदि हां तो शिकायत में किसे दोषी पाया गया तथा क्या कार्यवाही की गई ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 2019-20 से 30 जून, 2021 के मध्य मत्स्य हितग्राहियों द्वारा 12 तालाब का निर्माण 59.50 लाख रुपये की लागत से करवाया गया. उक्त लागत राशि में शासन द्वारा अनुदान के रूप में 33.60 लाख रुपये दिये गये एवं हितग्राहियों द्वारा व्यय की गई राशि रु. 25.90 लाख है. (ख) प्रश्नांश ''क'' में संचालित योजनाओं में नारायणपुर जिले में 11 हितग्राहियों को एवं कोण्डागांव जिले में 1 हितग्राही को लाभान्वित किया गया. (ग) कोई शिकायत न तो प्राप्त हुई न ही संज्ञान में आई है.

जिला बस्तर अंतर्गत स्टापडेम एवं एनीकट के मरम्मत हेतु प्राप्त बंटन

27. (क्र. 569) **श्री बघेल लखेश्वर** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बस्तर में ऐसे कितने स्टापडेम व एनीकट हैं जो जर्जर हो चुके है अथवा मरम्मत योग्य हैं ? स्थलवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में उक्त कार्य हेतु वर्ष 2019-20 से 05-07-2021 तक प्राप्त बंटन तथा व्यय की स्थिति स्थलवार बतावें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) बस्तर जिले में जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत कोई भी स्टापडेम व एनीकट जर्जर स्थिति में नहीं है, अपितु विभागीय मद से निर्मित 04 एनीकट तथा कलेक्टर सेक्टर मद के 112 निर्मित स्टापडेम मरम्मत योग्य है. स्थलवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र-''अ'' एवं प्रपत्र ''ब'' में दर्शित है. (ख) प्रश्नांश ''क'' के परिपेक्ष्य में उक्त कार्य हेतु वर्ष 2019-20 से 05-07-2021 तक विभागीय मद से राशि रुपये 15.00 लाख का आबंटन प्राप्त हुआ इसमें से राशि रुपये 4.96 लाख का व्यय किया गया है. कलेक्टर सेक्टर मद के तहत आबंटन अप्राप्त है. स्थलवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''अ'' एवं प्रपत्र ''ब'' में दर्शित है.

धमतरी जिले में रेडी-टू-ईट का संचालन

28. (क्र. 573) **श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धमतरी जिले में सत्र 2019-20 एवं 2020-21 में रेडी-टू-ईट संचालन हेतु कब-कब, किस-किस परियोजना एवं सेक्टर हेतु विज्ञापन निकाला गया ? कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए ? आवेदनकर्ता के नाम एवं चयनित आवेदनकर्ता की जानकारी बतावें ? क्या चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है ? यदि नहीं, तो क्यों एवं कब तक पूर्ण कर ली जावेगी ? (ख) क्या रेडी-टू-ईट संचालन हेतु उसी सेक्टर के आवेदनकर्ता को ही पात्रता दी जावेगी ? या अन्य सेक्टर आवेदक भी भाग ले सकते है ? चयन हेतु क्या मापदण्ड निर्धारित किये गये है ? उक्त अवधि में रेडी-टू-ईट का संचालन किसके द्वारा किया गया ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) धमतरी जिले में प्रश्नाधीन अवधि में रेडी टू ईट संचालन हेतु दिनांक 22-09-2020, 23-10-2020 एवं 28-10-2020 को महिला स्व सहायता समूहों के चयन के लिए विज्ञापन निकाला गया. आवेदनकर्ता के नाम एवं प्राप्त आवेदनों की संख्या संबंधी परियोजनावार, सेक्टरवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-''अ'' अनुसार है. जी नहीं चयन की

† परिशिष्ट ''सैंतालीस ''

कार्यवाही प्रचलन में है. चयन की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है. (ख) जी हाँ. रेडी टू ईट संचालन हेतु उसी सेक्टर के आवेदनकर्ता को ही पात्रता दिया जाना है अन्य सेक्टर के आवेदक भाग नहीं ले सकते है. रेडी टू ईट संचालन के लिए महिला स्व सहायता समूहों के चयन हेतु छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्र. एफ 3-109/2013/50, दिनांक 03-12-2019 में निर्धारित किये गये मापदण्ड अनुसार कार्यवाही की जा रही है. राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"ब" अनुसार है. उक्त अवधि में पूर्व से कार्यरत महिला स्व सहायता समूहों द्वारा ही कार्य संचालित किया गया है.

जल संसाधन विभाग जिला धमतरी के अंतर्गत संचालित कार्यपालन अभियंता कार्यालयों में स्वीकृत कार्य

29. (क्र. 574) **श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जल संसाधन विभाग जिला धमतरी के अंतर्गत कुल कितने कार्यपालन अभियंता कार्यालय हैं ? नाम बतावें ? उक्त कार्यपालन अभियंता कार्यालय के अंतर्गत वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 में विभागीय बजट, मनरेगा , सहित अन्य मदों से कौन-कौन से कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है ? कार्यों के नाम, स्थान, राशि, स्वीकृति की तारीख सहित जानकारी अलग-अलग प्रदान करें ? (ख) उक्त स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य की निविदा प्रक्रिया लंबित हैं ? कितने कार्य पूर्ण है ? एवं कितने अपूर्ण है ? अपूर्ण होने के कारण एवं कब तक पूर्ण हो जायेगा ? (ग) उक्त अवधि में नहर एनीकट एवं बांध मरम्मत के लिए पीस वर्क के अंतर्गत कुल कितने कार्य किये गये हैं ? कार्य के नाम, स्थान, स्वीकृत राशि, व्यय राशि की जानकारी बतावें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) कुल 4 कार्यपालन अभियंता कार्यालय है. क्रमशः कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, धमतरी कोड नं. 90, कार्यपालन अभियंता, जल प्रबंध संभाग, रूद्री, कार्यपालन अभियंता, महानदी जल प्रबंध संभाग क्र. 2 रूद्री, तथा कार्यपालन अभियंता, वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, रूद्री हैं. शेषांश की जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-1 तथा प्रपत्र-2 में दर्शित है. (ख) विभागीय मद अंतर्गत स्वीकृत 20 कार्यों में से 19 कार्यों की निविदा प्रक्रिया लंबित है. सभी 20 कार्य में से 01 कार्य प्रगतिरत है तथा 19 कार्य अप्रारंभ है. मनरेगा एवं अन्य मद में स्वीकृत 17 कार्य में से 09 कार्य पूर्ण, 07 कार्य प्रगतिरत एवं 01 कार्य अप्रारंभ है. अपूर्ण रहने के संबंध में जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-1 एवं 2 में दर्शित है. (ग) वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 तक के अवधि में नहर एनीकट एवं बांध मरम्मत के लिए पीस वर्क के अंतर्गत कुल 364 कार्य किये गये हैं, कार्यों के नाम, स्थान, स्वीकृत राशि तथा व्यय की जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-3 में दर्शित है.

डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव विकासखण्ड में फसल बीमा एवं क्षतिपूर्ति

30. (क्र. 577) **श्री दलेश्वर साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला राजनांदगांव के डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विकासखण्ड में वर्ष 2019-20 से दिनांक 05-07-2021 तक कितने किसानों ने दलहन एवं तिलहन फसल हेतु फसल बीमा कराया है ? (ख) प्रश्नांक "क" के तहत कितने किसानों को अतिवृष्टि/ओलावृष्टि के अंतर्गत कितनी राशि का मुआवजा/क्षतिपूर्ति प्रदान की गई ? वर्षवार, प्रजातिवार, विकासखण्ड, राशिवार, जानकारी देवें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) प्रश्नांकित अवधि में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिला राजनांदगांव के तहसील डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ में दलहन एवं तिलहन फसल हेतु बीमित कृषकों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. योजनांतर्गत विकासखण्डवार जानकारी संधारित नहीं की जाती है. (ख) प्रश्नांश "क" के परिपेक्ष्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् अतिवृष्टि/ओलावृष्टि के कारण 26,905 कृषकों को राशि रु. 1316.76 लाख भुगतान की गई है. वर्षवार, तहसीलवार एवं फसलवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

जिला राजनांदगांव में बीलों टेण्डर में बचत राशि का उपयोग

31. (क्र. 578) **श्री दलेश्वर साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या सिंचाई विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निर्माण कार्य कराया जाता है ? (ख) यदि हॉ, तो वर्ष 2019 से दिनांक 05-07-2021 तक राजनांदगांव जिले में कौन-कौन से कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कर उक्त कार्यों को कितने प्रतिशत बिलों में टेंडर किया गया ? (ग) बचत बिलों राशि का उपयोग किस कार्य हेतु किस उच्च अधिकारी की अनुमति से व्यय किया गया है ? (घ) वर्षवार, योजनावार, कार्यवार एवं व्यय की जानकारी देवें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जी हाँ, सिंचाई विभाग द्वारा विभिन्न सिंचाई योजनाओं के माध्यम से निर्माण कार्य कराया जाता है. (ख) वर्ष 2019 से दिनांक 05-07-2021 तक राजनांदगांव जिले के अन्तर्गत प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजना एवं योजना का बिलों टेण्डर से संबंधित जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ग) बचत बिलों राशि का उपयोग अब तक किसी भी कार्य में नहीं किया गया है. (घ) वर्षवार, योजनावार, कार्यवार एवं व्यय की जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

† परिशिष्ट "अड़तालीस" †† परिशिष्ट "उन्चास"

कोन्डागांव जिले में मत्स्य पालन हेतु तालाब निर्माण

32. (क्र. 583) **श्री सन्तराम नेताम** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोन्डागांव जिले में मत्स्य पालन एवं इसके संरक्षण हेतु केन्द्रीय एवं राज्य की विभिन्न योजनांतर्गत वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में किन-किन स्थानों में कुल कितने तालाबों का निर्माण किया गया ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) उक्त अवधि में कोन्डागांव जिले के मत्स्य पालन योजनांतर्गत कितने हितग्राहियों को मछली पकड़ने हेतु जाल तथा हितग्राहियों को मिलने वाली मोटर सायकल प्रदाय की गई ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) कोण्डागांव जिले में मत्स्य पालन एवं इसके संरक्षण हेतु केन्द्रीय एवं राज्य की विभिन्न योजनांतर्गत वर्ष 2019-20 में 43 तालाब एवं 2020-21 में 11 तालाब कुल 54 तालाबों का निर्माण किया गया. विकासखण्डवार जानकारी प्रपत्र "अ" पर † संलग्न है. (ख) उक्त अवधि में कोन्डागांव जिले के मत्स्य पालन योजनांतर्गत 2019-20 में 140 हितग्राहियों को जाल एवं 2020-21 में 140 हितग्राहियों को जाल कुल 280 हितग्राहियों को जाल प्रदाय किया गया. मोटरसायकल प्रदाय की जानकारी निरंक है. विकासखण्डवार जानकारी प्रपत्र "ब" पर † संलग्न है.

कोन्डागांव जिले अंतर्गत मछलियों का उत्पादन

33. (क्र. 584) **श्री सन्तराम नेताम** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोन्डागांव जिले में मछली पालन हेतु शासन की क्या-क्या योजनायें लागू हैं ? (ख) विभाग द्वारा किस-किस किस्म की मछलियों का उत्पादन किया गया है ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) कोण्डागांव जिले में मछली पालन हेतु शासन की लागू योजनाओं की जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है. (ख) विभाग द्वारा कतला, रोहू, मिरगल, ग्रास कार्प एवं मांगुर मछली बीज का उत्पादन किया गया है.

उद्यानिकी विभाग में यंत्रीकरण हेतु राशि की स्वीकृति

34. (क्र. 589) **डॉ. रमन सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) उद्यानिकी विभाग में यंत्रीकरण हेतु दिनांक 01-01-2019 से 30-06-2021 तक कितनी राशि स्वीकृत हुई ? (ख) प्रश्नांक "क" के अनुसार जिलों को कब-कब, कितनी-कितनी राशि उपलब्ध कराई गई ? (ग) इस उपलब्ध राशि के अनुदान पर किन-किन यंत्रों/उपकरणों पर अनुदान किस आधार पर हितग्राहियों को प्रदान किया गया ? वितरित अथवा उपलब्ध करायें उपकरणों/यंत्रों में मापदण्ड क्या है ? इनका परीक्षण किस संस्था से कराया जाता है ? (घ) क्या परीक्षण परिणाम में गुणवत्ताहीन सामग्री का प्रतिवेदन प्राप्त हुआ ? यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ? क्या भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन में कोई अनियमितता या मात्रा में कमी का प्रतिवेदन प्राप्त हुआ ? यदि हां तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) प्रश्नांकित अवधि में उद्यानिकी विभाग में यांत्रिकीकरण हेतु रु. 2619.08 लाख स्वीकृत हुई. (ख) प्रश्नांक "क" के अनुसार जिलावार, योजनवार एवं तिथिवार आबंटित राशि का विवरण ‡ संलग्न प्रपत्र "अ" पर है. (ग) प्रश्नांक "ख" अनुसार जिलों को आबंटित राशि से उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं में निहित प्रावधानों के अनुसार द्वारा अनुदान पर ट्रैक्टर, पावर टिलर, शक्ति चलित पावर वीडर, पावर स्प्रेयर, शक्ति चलित नेपसेक स्प्रेयर, हस्त चलित नेपसेक स्प्रेयर, पल्वलाइजर, बैटरी सह हस्त चलित नेपसेक स्प्रेयर, डीजल पंप, विद्युत पंप एवं हर्टिकल्चर टूलकिट (यंत्र/उपकरण) हितग्राहियों को प्रदान किया गया है. वितरित अथवा उपलब्ध कराये गये यंत्रों/उपकरणों का मापदण्ड एवं देय अनुदान का विवरण ‡ संलग्न प्रपत्र "ब" पर है. वितरित अथवा अनुदान पर उपलब्ध कराये जाने वाले समस्त यंत्रो/उपकरणों के गुणवत्ता परीक्षण हेतु संचालनालय कृषि (अभियांत्रिकी प्रकोष्ठ) अधिकृत है. (घ) जी नहीं. अतः शेष जानकारी निरंक है.

गोधन न्याय योजना के तहत राज्य में गोठानों का निर्माण

35. (क्र. 590) **डॉ. रमन सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) गोधन न्याय योजना के तहत राज्य में कितने गोठानों का निर्माण हुआ, इस पर शासन की कितनी राशि खर्च हुई ? खर्च हुई राशि का प्रावधान किस विभाग के किस बजट शीर्ष से किया गया है ? (ख) प्रश्नांक "क" के संदर्भ में गौठानों से कितना वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन हुआ ? उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट की गुणवत्ता नियंत्रण के लिये क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है ? (ग) प्रश्नांक "ख" के तहत जो वर्मी कम्पोसट बनाने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, क्या वह फर्टीलाइजर कन्ट्रोल एक्ट के तहत है ? यदि हां, तो गुणवत्ता नियंत्रण में किन अवयवों का परीक्षण हो रहा है ? (घ) प्रश्नांक "ग"

† परिशिष्ट "पचास" †† परिशिष्ट "ईन्क्यावन" ‡ परिशिष्ट "बावन"

के अनुसार यदि फर्टीलाइजर कन्ट्रोल एक्ट को पालन हो रहा है तो वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट निर्माण तथा विक्रय की वैधानिक प्रक्रिया के पालन हेतु क्या-क्या उपाय एवं निर्देश जारी किए गये है, संबंधित शासन देश/निर्देश का विवरण दें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों का निर्माण नहीं किया जाता है. अतः जानकारी निरंक है. (ख) गोधन न्याय योजनान्तर्गत गौठानों में प्रश्नांक दिनांक तक कुल 60905.00 टन वर्मी कम्पोस्ट एवं 22,740.55 टन सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन हुआ. उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट एंव सुपर कम्पोस्ट के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के विहित प्रावधानों में उल्लेखित प्रक्रिया अपनाई जाती है. (ग) जी हां. वर्मी कम्पोस्ट के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु विभिन्न पैरामीटर यथा नमी प्रतिशत, रंग, गंध, कण का आकार, स्थुल धनत्व, आर्गेनिक कार्बन, नत्रजन, फासफोरस, पोटेशियम, कैडमियम, क्रोमियम, निकल एवं लैड का परीक्षण किया जा रहा है. (घ) गोधन न्याय योजना अंतर्गत गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन प्रशिक्षित स्व-सहायता समूहों के माध्यम से किया जा रहा है. वर्मी/सुपर कम्पोस्ट उत्पादन के पश्चात् नमूनों के मानक रिपोर्ट के आधार पर सहकारी समितियों के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है. इस संबंध में राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश की प्रति पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है.

गोधन योजनांतर्गत गोबर खरीदी

36. (क्र. 595) **श्री बृजमोहन अग्रवाल** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) गोधन योजना अंतर्गत प्रश्नांश दिनांक तक प्रदेश में कितना गोबर, कितनी राशि का खरीदा गया ? जिलेवार जानकारी देवें ? (ख)कंडिका ''क'' की खरीदी में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कितना-कितना गोबर खरीदा गया है ? इसमें कितने-कितने का वर्मी खाद के लिए उपयोग किया गया है? कितना वर्मी खाद बनाया गया है ? कितना वर्मी, कितना खाद व कितना गोबर शेष है ? पूरा गोबर का उपयोग नहीं किया गया है, तो क्यों ? (ग) कंडिका ''क'' की खरीदी में कितना गोबर कहां-कहां कितनी राशि का बरसात में बह गया जिलेवार जानकारी देवें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) गोधन न्याय योजना अंतर्गत प्रश्नांश दिनांक तक प्रदेश में 4,86,904.82 टन गोबर, राशि रु. 9,738.06 लाख का खरीदा गया. जिलेवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) कंडिका ''क'' की खरीदी में शहरी क्षेत्र में 1,23,354.88 टन एवं ग्रामीण क्षेत्र में 3,61,549.94 टन गोबर खरीदा गया है. क्रय गोबर से वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन हेतु 2,93,804.74 टन, सुपर कम्पोस्ट उत्पादन हेतु 1,59,805.62 टन एवं अन्य सामग्री के उत्पादन हेतु 13,580.45 रु. गोबर का उपयोग किया गया है, इससे 60,905.00 टन वर्मी कम्पोस्ट एवं 22,740.55 टन सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन किया जा चुका है एवं शेष उत्पादन प्रक्रियाधीन है. शेष गोबर की मात्रा 19,714.11 टन है, जिसका वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट एवं अन्य उत्पाद में उपयोग किया जा रहा है. (ग) कंडिका ''क'' की खरीदी मे से बरसात में बह गये गोबर का जिलेवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है.

दुर्ग जिले में विभिन्न पेंशन योजना के तहत भुगतान

37 (क्र. 603) **श्री अरूण वोरा** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि दुर्ग जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना के अंतर्गत पिछले 3 वर्षों में कुल कितनी राशि का भुगतान कितने लोगों को किया गया ? कितना भुगतान शेष है ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : दुर्ग जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना के अंतर्गत पिछले 3 वर्षों में कुल राशि रुपये 11226.06 लाख का भुगतान वर्ष 2018-19 से 88,242 हितग्राही, वर्ष 2019-20 में 88,768 हितग्राही तथा वर्ष 2020-21 में 88,062 हितग्राहियों को किया गया है. कोई भी भुगतान शेष नहीं है.

दुर्ग जिले में कुपोषित बच्चे की संख्या

38 (क्र. 604) **श्री अरूण वोरा** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में जून 2021 की स्थिति में कितने कुपोषित बच्चे है ? निकायवार एवं विकासखंडवार जानकारी दें ? जिले की कुपोषण मुक्त करने हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या योजनाएं संचालित की जा रही है ? (ख) पिछले 2 वर्षों में कुपोषण से कितने बच्चों की मृत्यु हुई है ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) निकायवार एवं विकासखंडवार कुपोषित बच्चों की जानकारी तथा कुपोषण के स्तर में कमी लाने हेतु संचालित योजनाओं का विवरण †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) प्रश्नांश अवधि में किसी भी बच्चे की कुपोषण से मृत्यु प्रतिवेदित नहीं है.

† परिशिष्ट ''तिरपन ''

†† परिशिष्ट ''चौवन ''

जिला मुंगेली में दिव्यांगजनों को ट्रायसिकल/उपकरण वितरण

39 (क्र. 609) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला मुंगेली क्षेत्र में दिव्यांगजनों की संख्या कितनी है ? विकासखण्डवार बतावें ? (ख)कंडिका ''क'' के दिव्यांगजनों को ट्रायसिकल के अतिरिक्त कौन-कौन से उपकरण 01 जनवरी, 2019 से 30 जून 2021 की अवधि में वितरित किए गए ? लाभान्वितों की संख्या सहित बतावें ? (ग) कंडिका ''क'' दिव्यांगजनों को राज्य शासन से किन-किन मदों में कितनी-कितनी राशि पेंशन/आर्थिक मदद दिए जाने का प्रावधान है ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) जिला मुंगेली में दिव्यांगजनों की विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :-

विकासखण्ड का नाम	दिव्यांगजनों की संख्या
लोरमी	3,669
मुंगेली	2,252
पथरिया	1,817
कुल	**7,738**

(ख) जिला मुंगेली के दिव्यांगजनों को 01 जनवरी, 2019 से 30 जून 2021 तक की अवधि में ट्रायसिकल के अतिरिक्त वितरित अन्य उपकरणों एवं लाभान्वित दिव्यांगजनों की संख्या निम्नानुसार है :-

सहायक उपकरण	लाभान्वित दिव्यांगजनों की संख्या
व्हीलचेयर	42
श्रवण यंत्र	71
बैसाखी	134
स्मार्ट केन	12
श्वेत छड़ी	65
योग	**324**

(ग) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

गोधन न्याय योजना के तहत गुणवत्तायुक्त वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण

40. (क्र. 610) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) गोधन न्याय योजना के तहत गुणवत्ता युक्त वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के राज्य शासन के क्या दिशा-निर्देश हैं ? (ख)कंडिका ''क'' के कार्य के लिए कितने स्व-सहायता समूहों को कार्य आबंटित है और खाद निर्माण के एवज में किस दर पर राशि भुगतान करने के प्रावधान है ? अब तक कितनी राशि भुगतान की गई ? (ग) कंडिका ''क'' के कार्य के लिए क्या समूहों को अग्रिम अनुदान दिए जाने का प्रावधान है ? हां, तो कितना ? इस मद में कितनी राशि भुगतान की गई ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) गोधन न्याय योजना के तहत गुणवत्तायुक्त वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के लिये उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के विहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने के निर्देश है. (ख) गोधन न्याय योजनांतर्गत वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने का कार्य 6080 स्व- सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है. वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन हेतु स्व सहायता समूहों को वर्मी कम्पोस्ट की विक्रय मात्रा अनुसार प्रति कि. ग्रा. लाभांश राशि रु. 3.27 तथा प्रति कि. ग्रा. पैकेजिंग लागत रु. 0.65 की दर से भुगतान का प्रावधान है एवं राशि रु. 779.53 लाख का भुगतान स्व सहायता समूहों को किया गया है. (ग) जी नहीं. अतः शेष जानकारी निरंक है.

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में अपूर्ण नहर कार्य

41. (क्र. 615) **श्री केशव प्रसाद चंद्रा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर के विकासखण्ड बम्हनीडीह,जैजैपुर एवं मालखरौदा में कितने नहर अपूर्ण हैं विकासखण्डवार, माईनरवार, नहर का नाम सहित बतायें ? (ख) क्या उपरोक्त नहरों की मरम्मत हेतु राशि जारी किया गया है ? यदि हां तो किन किन नहरों की मरम्मत की गई ? विकासखण्डवार बतायें ? (ग) अपूर्ण नहरों की मरम्मत कब तक कर दी जावेगी बतायें ?

† परिशिष्ट ''पचपन ''

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर के विकासखण्ड बम्हनीडीह में 01 नहर कार्य तथा जैजैपुर विकासखण्ड में 09 नहर कार्य अपूर्ण है. मालखरौदा विकासखण्ड का कोई भी नहर कार्य अपूर्ण नहीं है. विस्तृत जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) जी नहीं. अतः शेषांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है. (ग) अपूर्ण नहरों के निर्माण कार्य के समय शेष नहरों की मरम्मत की कार्यवाही की जावेगी. निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में रेडी-टू-फूड की आपूर्ति एवं भुगतान

42. (क्र. 616) **श्री केशव प्रसाद चन्द्रा** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में दिनांक 30 जून 2021 तक पोषण आहार किन रेडी टू ईट फूड संस्था (महिला समूह) के पोषक आहार रेडी टू फूड वितरण किया गया, विकासखण्डवार बतायें ? (ख) उक्त अवधि में रेडी टू ईट संस्था (महिला समूह)को कितना कितना भुगतान किया गया बतायें ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में प्रश्नाधीन अवधि में रेडी टू ईट फूड का वितरण कर रहे महिला स्व सहायता समूहों की विकासखण्डवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) प्रश्नाधीन अवधि में रेडी टू ईट वितरण किये गये महिला स्व सहायता समूहों को भुगतान की जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

जिला जांजगीर-चाम्पा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह में प्रोत्साहन राशि का वितरण

43. (क्र. 627) **श्री नारायण चंदेल** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चाम्पा जिले में सत्र 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में 30 जून, 2021 तक कितने जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत विवाह सम्पन्न कराया गया ? प्रति जोड़ा कितने प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई ? परियोजनावार व सेक्टरवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्न ''क'' से संदर्भित योजनांतर्गत कितनी राशि की क्या-क्या सामग्री किस दर पर किस फर्म/एजेंसी के द्वारा किस मद की राशि से क्रय की गयी है ? (ग) क्या उपरोक्त सामग्री का क्रय बाजार मूल्य से अधिक में किये जाने एवं गुणवत्ता विहीन सामग्री क्रय किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई है ? यदि हां तो इस हेतु कौन दोषी है, दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही, कब-कब की गई है ? कृपया सम्पूर्ण जानकारी परियोजनावार व सेक्टरवार जानकारी देवें ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) जानकारी ‡ संलग्न प्रपत्र ''अ '' अनुसार है. (ख) जानकारी ‡ संलग्न प्रपत्र ''ब '' अनुसार है. (ग) जानकारी निरंक है.

जिला जांजगीर-चाम्पा में कृषि उपकरण का क्रय

44. (क्र. 628) **श्री नारायण चंदेल** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चाम्पा जिले में वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में 30 जून, 2021 तक कृषि विभाग द्वारा किस-किस योजना के माध्यम से कौन-कौन से हितग्राही मूलक उपकरण का क्रय किया गया है ? (ख) प्रश्न ''क'' के अंतर्गत हितग्राही मूलक उपकरण का क्रय किस-किस दर पर किस फर्म/एजेंसी के द्वारा किस-किस मद् से किया गया है ? (ग) प्रश्न ''क'' से संदर्भित उपकरण का वितरण किस नियम एवं आधार के तहत किस-किस विकास खण्ड में कितना-कितना,कौन-कौन से उपकरण का वितरण किया गया है ? कृपया वर्षवार एवं विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) से (ग) जानकारी संकलित की जा रही है.

जल उपभोक्ता संस्थाओं द्वारा व्यवस्था एवं रखरखाव पर व्यय

45. (क्र. 630) **श्री सत्यनारायण शर्मा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जल प्रबंध संभाग क्रमांक 1 के अधीन जलप्रबंध उप संभाग क्रमांक 3 के अंतर्गत कितनी जल उपभोक्ता संस्था है ? (ख) जल प्रबंध संभाग क्रमांक 2 बलौदाबाजार के अंतर्गत कितनी जल उपभोक्ता संस्थाएं हैं ? (ग) उपरोक्त क एवं ख की संस्थाओं में सन् 2015 से आज तक सिंचाई व्यवस्था एवं रखरखाव कार्य के लिए कितना व्यय किया गया ?

---

† परिशिष्ट ''छप्पन '' †† परिशिष्ट ''सन्तावन '' ‡ परिशिष्ट ''अनठावन ''

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) कुल 12 जल उपभोक्ता संथाएं हैं. (ख) कुल 49 जल उपभोक्ता संथाएं हैं (ग) सिंचाई की व्यवस्था के लिए राशि रु. 29.916 लाख व एवं रखरखाव के लिए राशि रु. 207.63 लाख का व्यय किया गया.

जिला राजनांदगांव में मछली पालन

46. (क्र. 635) **श्रीमती छन्नी चन्दु साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले में 30 जून 2021 की स्थिति में मछली पालन कौन-कौन समूह/समिति के द्वारा कहां-कहां किया जा रहा है ? विकासखण्डवार/समूह/समितिवार जानकारी देवें. (ख) कितने समूह/समिति द्वारा दो स्थानों पर मछली पालन किया जा रहा है ? समूह/समिति के नाम पता सहित बतायें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) राजनांदगांव जिले में 30 जून, 2021 की स्थिति में 148 समितियों एवं 234 समूहों द्वारा मछली पालन किया जा रहा है. जिन स्थानों पर मछली पालन किया जा रहा है उसकी विकासखण्डवार/समूह/समितिवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "क" पर है. (ख) 123 समितियों द्वारा दो या दो से अधिक स्थानों पर मछली पालन किया जा रहा है. समिति के नाम, पता सहित जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ख " पर है. समूह की जानकारी निरंक है.

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत निर्माण कार्य

47. (क्र. 639) **श्री राजमन बेंजाम** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2019-2020 और वर्ष 2020-2021 में जल संसाधन विभाग द्वारा कितने निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये हैं और स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं कितने अपूर्ण व निर्माणधीन हैं ? विकासखण्डवार और वर्षवार जानकारी देवें ? (ख) वर्ष 2021-2022 में जल संसाधन विभाग के द्वारा कितने निर्माण कार्य स्वीकृति हेतु प्रस्तावित हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देंवे ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत 2019-20 में 05 कार्य और वर्ष 2020-21 में 01 कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत किये गये हैं. इनमें से कोई कार्य पूर्ण नहीं हुआ है. 03 कार्य निर्माणाधीन एवं 03 कार्य अप्रारम्भ हैं. विकासखण्डवार एवं वर्षवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ " में दर्शित है. (ख) वर्ष 2021-22 में जल संसाधन विभाग के द्वारा 17 निर्माण कार्य स्वीकृति हेतु प्रस्तावित हैं. विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब " में दर्शित है.

जिला बस्तर में संचालित पेंशन योजनाएँ

48. (क्र. 640) **श्री राजमन बेंजाम** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला बस्तर में समाज कल्याण विभाग के द्वारा कौन-कौन सी पेंशन योजना संचालित की जा रही है ? संचालित योजनाओं में से चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के कितने हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं ? योजनावार व विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला बस्तर में संचालित पेंशन योजनाओं की जानकारी स्तंभ-2 अनुसार है. चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की योजनावार एवं विकासखण्डवार जानकारी निम्नांकित है -

क्रमांक	योजना का नाम	विकासखण्डवार हितग्राहियों की जानकारी				
		लोहाण्डीगुड़ा	तोकापाल	बास्तानार	दरभा	योग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना	463	1272	423	234	2392
2.	सुखद सहारा योजना	253	238	281	247	1019
3.	मुख्यमंत्री पेंशन योजना	1793	2238	536	200	4767

† परिशिष्ट "उनसठ "

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
4.	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना	2429	1194	687	916	5226
5.	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना	953	710	236	427	2326
6.	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना	73	104	17	35	229
	योग	**5964**	**5756**	**2180**	**2059**	**15959**

सोया मिल्क व सोयाबड़ी अन्य उत्पादों हेतु अनुबंध

49. (क्र. 650) **श्री धरमलाल कौशिक** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि बीज व कृषि विकास निगम के द्वारा सोया मिल्क, सोयाबड़ी व अन्य उत्पाद हेतु निजी फर्म के साथ अनुबंध किया गया है ? (ख) यदि हॉ तो पिछले दो व इस वित्तीय वर्ष में किस फर्म के साथ कब अनुबंध किया गया है व अनुबंध की शर्तें क्या है ? (ग) क्या यह सही है कि निगम के द्वारा प्रदायित सोया मिल्क व सोयाबड़ी जो पिछले दो व इस वित्तीय वर्ष में प्रदाय की गई थी उसकी गुणवत्ता को लेकर शिकायतें प्राप्त हुई है ? यदि हां तो कहॉ-कहॉ से शिकायतें व जानकारी प्राप्त हुई है और इस पर क्या कार्यवाही की गई है. (घ) जिस फर्म के द्वारा यह प्रदाय किया गया था उस पर अनुबंध की शर्तों के आधार पर क्या कार्यवाही की जानी थी व क्या कार्यवाही की गई ? कुल कितना सोया मिल्क व सोयाबड़ी इस अवधि में किस फर्म से निगम के द्वारा क्रय किया गया है, कितना भुगतान कर दिया गया है व कितना भुगतान किया जाना शेष है. (ड) सूखा राशन में शिक्षा विभाग को इस व पिछले वित्तीय वर्ष में किस दर सोयाबड़ी का प्रदाय कितनी मात्रा में किया गया है ? जिलेवार, राशिवार व मात्रावार, जानकारी देवें.

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) छ. ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के द्वारा सोया मिल्क, सोयाबड़ी एवं अन्य उत्पाद हेतु किसी निजी फर्म के साथ अनुबंध नहीं किया गया है, अपितु पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी) मोड पर छ. ग. राज्य बीज एवं कृषि बीज विकास निगम, छ. ग. इण्डस्ट्रियल एण्ड टेक्निकल कंस्लटेंसी सेंटर (सिटकॉन) एवं लक्ष्य नेचूरल फुड प्राईवेट लिमिटेड के साथ त्रिपक्षीय अनुबंध दिनांक 21-12-2012 को निष्पादित किया गया है. (ख) पिछले दो वर्ष एवं इस वित्तीय वर्ष में भी छ. ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम, छ. ग. इण्डस्ट्रियल एण्ड टेक्निकल कंसलटेंसी सेंटर (सिटकॉन) एवं लक्ष्य नेचूरल फुड प्राईवेट लिमिटेड के मध्य संपादित त्रिपक्षीय अनुबंध जारी है. अनुबंध की शर्तें पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 पर है. (ग) छ. ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रदाय की गई सोया मिल्क के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग दुर्ग से कुछ सोयामिल्क पैकेट खराब होने की शिकायत प्राप्त हुई थी. उक्त खराबी सोयामिल्क भण्डारण एवं वितरण में अव्यवस्था के कारण आई थी. जिसकी राशि का भुगतान निगम द्वारा नहीं लिया गया. वित्तीय वर्ष 2020-21 में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला बिलासपुर में आपूर्ति की गई कुछ मात्रा में सोयाबड़ी खराब होने की शिकायत प्राप्त हुई थी. निगम द्वारा उसको बदलकर अच्छी गुणवत्ता वाली सोयाबड़ी प्रदाय कर दी गई थी. (घ) बीज निगम के एस.पी.व्ही कंपनी के द्वारा प्रदाय किये गये सोया मिल्क एवं सोयाबड़ी की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं पाई गयी है. भण्डारण/वितरण के दौरान जिन जगहों पर सोया मिल्क एवं सोयाबड़ी में खराबी पाई गई उसे बदलकर अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री पुनः स्कूल शिक्षा विभाग को प्रदाय कर दिया गया. छ. ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा सोया मिल्क एवं सोयाबड़ी का क्रय नहीं किया गया है, अपितु पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी) मोड के तहत गठित बीज निगम के ज्वाइंट वेंचर कंपनी द्वारा सोया मिल्क एवं सोयाबड़ी का उत्पादन एवं आपूर्ति किया गया है. प्रश्नाधीन अवधि में उत्पादित सोया मिल्क एवं सोयाबड़ी के जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-2 पर है. (ड) वित्तीय वर्ष 2020-21, एवं 2021-22 में स्कूल शिक्षा विभाग को प्रदाय किये गये सूखा राशन की जिलेवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-3 पर है.

मनियारी बैराज के कार्यों की स्थिति

50. (क्र. 651) **श्री धरमलाल कौशिक** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि मुंगेली जिले के बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में मनियारी, बैराज स्वीकृत है ? यदि हॉं तो अभी कितना कार्य पूर्ण है, कितना कार्य अपूर्ण है ? इसी प्रकार नहर का कितना कार्य पूर्ण व अपूर्ण है ? (ख) जमीन अधिग्रहण कितने व्यक्तियों का कितना रकबा किया गया है तथा कितना भुगतान किया गया है, कितना भुगतान किया जाना शेष है, कब तक भुगतान किया जावेगा ? (ग) योजना के पूर्ण होने की अवधि क्या है तथा इसे कब तक पूर्ण किया जावेगा ? क्या समय अवधि में योजना पूर्ण हो जायेगी ? यदि नहीं तो क्यों ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जी हॉं. मुंगेली जिले के बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में मनियारी बैराज योजना स्वीकृत है. योजना का शीर्ष कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण है. नहर कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण तथा 30 प्रतिशत अपूर्ण है. (ख) योजना हेतु 320 कृषकों के 68.00 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है. इनमें से 247 कृषकों की 59.287 हेक्टेयर भूमि हेतु राशि रु. 1771.30 लाख का मुआवजा भुगतान किया गया है. शेष

73 कृषकों का 8.713 हेक्टेयर भूमि का मुआवजा राशि रु. 284.65 लाख भुगतान आपसी पारिवारिक विवाद होने के कारण लंबित है, जिसे संबंधित भू-अर्जन अधिकारी द्वारा आपसी सुलह होने की स्थिति में भुगतान किया जा रहा है. (ग) योजना के पूर्ण होने की अवधि निर्धारित नहीं है. योजना में 269 कृषकों की 102.814 हेक्टेयर भूमि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत् अधिग्रहण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है यह एक अर्धन्यायिक प्रक्रिया है, अतः समय बताया जाना संभव नहीं है. योजना की पुनः पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रक्रियाधीन है. अतः पुनः पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने एवं सभी कृषकों के मुआवजा भुगतान होने के उपरांत लगभग एक वर्ष की समयावधि में योजना को पूर्ण किया जाना संभावित है.

जैविक खेती को बढ़ावा हेतु संचालित योजनाएं

51. (क्र. 654) **श्री डमरूधर पुजारी** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य शासन जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु कौन-कौन सी योजनाएं चला रही है ? (ख) कौन-कौन सी फसलें जैविक खेती के अंतर्गत कितने-कितने क्षेत्रों में ली जा रही है ? (ग) क्या फसलों का जैविक प्रमाणीकरण हेतु पंजीयन कराया गया है ? यदि हां तो कितने किसानों का कौन-कौन सी फसलों का पंजीयन कराया गया ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु राज्य पोषित जैविक खेती मिशन एवं केन्द्र पोषित परम्परागत कृषि विकास योजना संचालित है. (ख) "क" में उल्लेखित योजनाओं के तहत विभिन्न कृषि एवं उद्यानिकी फसलों में जैविक खेती से संबंधित फसलवार, योजनावार रकबे की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" पर है. (ग) जैविक प्रमाणीकरण हेतु रकबे का पंजीयन किया जाता है. प्रश्न दिनांक तक विभिन्न कृषि फसलों यथा धान, गेहूं, मक्का, कोसरा, कोदो, रागी, तिवड़ा, चना, अरहर, उड़द, मूंग, कुल्थी, तिल एवं अलसी में 44,872 किसानों के 32051 हेक्ट. तथा उद्यानिकी फसलों यथा, टमाटर, खीरा, लौकी, करेला, बैगन, मिर्च, नाशपाती, लीची, आलू, प्याज, पत्तागोभी, शिमला मिर्च, मटर, बरबट्टी, धनिया, फूलगोभी, भिण्डी, आम,केला में 2319 किसानों के 1509.64 हेक्ट. रकबे का जैविक खेती हेतु पंजीकरण किया गया है.

कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों की मृत्यु

52. (क्र. 655) **श्री डमरूधर पुजारी** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि आंगनबाड़ी में पंजीकृत कुपोषित/अतिकुपोषित बच्चों की मृत्यु हुई है ? यदि हां तो 01 जनवरी, 2019 से प्रश्न दिनांक तक कितने बच्चों की मृत्यु हुई है ? वर्षवार जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) कुपोषण हेतु किन-किन राष्ट्रीय एजेंसियों के द्वारा सर्वे किया जाता है तथा वर्ष 2005 से प्रश्न दिनांक तक प्रदेश के कुपोषण की स्थिति की जानकारी उक्तानुसार एजेंसी के सर्वे के आधार पर देवें ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेड़िया) : (क) प्रश्नांश अवधि में कुपोषण से बच्चों की मृत्यु होना प्रतिवेदित नहीं हैं. (ख) वर्ष 2005 से अब तक राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा राज्य के संदर्भ में कुपोषण पर प्रकाशित सर्वे प्रतिवेदन का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	सर्वेक्षण एजेंसी/सर्वे का नाम	वर्ष	उम्र के अनुसार वजन लेने पर कुपोषण की स्थिति
1.	राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वे-3	2005-06	47.1 %
2.	भारत शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का त्वरित सर्वे	2013-14	33.9 %
3.	राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वे-4	2015-16	37.7 %
4.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं यूनिसेफ द्वारा-कम्प्रेहेंसिव नेशनल न्यूट्रिशन सर्वे	2017-18	40 %

प्रदेश में यूरिया व डी.ए.पी. खाद की खपत

53. (क्र. 658) **श्री रजनीश कुमार सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2019-20 से प्रश्न दिनांक प्रदेश में यूरिया की खपत व डी.ए.पी. खाद की वित्तीय वर्षवार व जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) क्या इस वित्तीय वर्ष में पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले अधिक यूरिया एवं डी.ए.पी. खाद की आवश्यकता बनी है ? यदि हाँ तो प्रश्नांश (क) अनुसार प्रश्नांकित अवधि में केन्द्र द्वारा कितना-कितना यूरिया व डी.ए.पी. कब-कब उपलब्ध कराया गया है ? समयवार व मात्रावार जानकारी देवें. (ग) दिनांक 02 जुलाई 2021 की

† परिशिष्ट "साठ"

स्थिति में प्रदेश में कुल कितना यूरिया व डी.ए.पी. खाद की क्लोजिंग स्टॉक शेष था ? जिलेवार जानकारी देवें. यदि क्लोजिंग स्टॉक शेष था तो यूरिया व डी.ए.पी. की कमी का क्या कारण था तथा केन्द्र सरकार को कितना यूरिया व डी.ए.पी. खाद उपलब्ध कराने कब-कब पत्र व्यवहार किया गया है ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं वर्ष 2021-22 की 02 जुलाई, 2021 तक प्रदेश में यूरिया एवं डी.ए.पी. की खपत वर्षवार एवं जिलेवार † संलग्न प्रपत्र "अ" पर है. (ख) प्रत्येक वर्ष खरीफ एवं रबी की मांग की गणना पृथक-पृथक की जाती है. रबी 2021-22 के लिए उर्वरक मांग का आंकलन नहीं किया गया है. खरीफ 2020 में 5.00 लाख मे. टन यूरिया तथा 2.75 लाख मे. टन डी.ए.पी. उर्वरक की मांग की गई थी. खरीफ 2021 में 5.50 लाख मे. टन यूरिया एवं 3.20 लाख में टन डी.ए.पी. की मांग की गई है. इस प्रकार पिछले खरीफ की तुलना में खरीफ 2021 में यूरिया एवं डी.ए.पी. की आवश्यकता अधिक बनी है. प्रश्नांकित अवधि 02 जुलाई, 2021 की स्थिति में यूरिया व डी.ए.पी. उर्वरक प्राप्ति का माहवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर है. (ग) दिनांक 02 जुलाई, 2021 की स्थिति में कुल 1.43 मे. टन यूरिया व 67 हजार 104 मे. टन डी.ए.पी. उर्वकर का क्लोजिंग स्टॉक शेष था. जिलेवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "स" पर है. खरीफ 2021 में माह जून में यूरिया की मांग 1.10 लाख में टन के विरूद्ध मात्र 90 हजार 348 मे. टन की आपूर्ति होने तथा माह अप्रैल में डी.ए.पी. की मांग 30 हजार मे. टन के विरूद्ध मात्र 65 मे. टन एंव माह जून में डी.ए.पी. की मांग 80 हजार मे. टन के विरूद्ध मात्र 59 हजार 888 मे.टन की आपूर्ति होने के कारण यूरिया एवं डी.ए.पी. की कमी हुई. खरीफ-2021 के लिये उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु संचालनालय कृषि द्वारा भारत सरकार को उर्वरक मांग दिनांक 09-03-2021 को प्रेषित की गई है. माननीय मुख्य मंत्री जी की ओर से 1.50 लाख मे. टन यूरिया एवं 1.50 लाख मे. टन डी.ए.पी. की अतिरिक्त मांग हेतु माननीय मंत्री जी, रसायन एवं उर्वरक विभाग को दिनांक 10-06-2021 एवं माननीय प्रधानमंत्री जी को दिनांक 25-06-2021 को पत्र प्रेषित किया गया है.

प्रदेश में संचालित राजीव गांधी न्याय योजना के तहत कृषकों को भुगतान

54. (क्र. 659) **श्री रजनीश कुमार सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या राजीव गांधी न्याय योजना प्रदेश में संचालित है ? यदि हां तो योजनांतर्गत वर्ष 2019-20 से प्रश्न दिनांक तक किन-किन फसलों के लिए सरकार कितनी सहायता उपलब्ध कराती है तथा योजनांतर्गत कितनी राशि का भुगतान कितने किसानों को किस फसल हेतु किया गया है कितना भुगतान किया जाना शेष है ? जिलेवार व वित्तीय वर्षवार जानकारी देवें ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : जी हाँ, प्रदेश में राजीव गांधी किसान न्याय योजना संचालित है. योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2019 में धान तथा मक्का फसल उत्पादक कृषकों को राशि रु. 10000 प्रति एकड़ तथा खरीफ वर्ष 2020 में धान फसल उत्पादक कृषकों को राशि रु. 9000 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदाय किये जाने का प्रावधान किया गया है. योजनांतर्गत धान फसल उत्पादक कृषकों का खरीफ वर्ष 2019 में राशि रु. 562699.09 लाख तथा खरीफ 2020 में प्रथम किश्त के रूप में राशि रु. 149873.52 लाख का भुगतान किया गया है. योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2021 से धान के साथ खरीफ की प्रमुख फसल मक्का, कोदो-कुटकी, सोयाबीन अरहर एवं गन्ना उत्पादक कृषकों को प्रतिवर्ष राशि रु. 9000 प्रति एकड़ तथा वर्ष 2020-21 में जिस रकबे से किसान द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया था, यदि वह धान के बदले कोदो-कुटकी, गन्ना, अरहर, मक्का, सोयाबीन, दलहन, तिलहन, सुगंधित धान, अन्य फोर्टिफाईड धान, केला, पपीता लगाता है अथवा वृक्षारोपण करता है तो उसे प्रति एकड़ रु. 10000 आदान सहायता राशि प्रदाय करने का प्रावधान है. वृक्षारोपण करने वाले कृषकों को तीन वर्ष तक आदान सहायता राशि दी जाएगी. योजना अंतर्गत वित्तीय वर्षवार, जिलावार भुगतान की गई राशि, लाभांवित कृषक संख्या एवं भुगतान हेतु शेष राशि की जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर है.

राष्ट्रीय एकीकृत बागवानी मिशन हेतु केंद्र सरकार द्वारा प्रदाय राशि

55. (क्र. 662) **श्री विद्यारतन भसीन** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय एकीकृत बागवानी मिशन हेतु केंद्र सरकार द्वारा राशि उपलब्ध कराई जाती है ? यदि हां, तो पिछले व इस वित्तीय वर्ष में कुल कितनी राशि, किन-किन योजनाओं हेतु उपलब्ध कराई गई है ? (ख) प्रश्न दिनांक की स्थिति में उक्त राशि में कितनी राशि का व्यय किन-किन योजनांतर्गत किया गया है ? व कितनी राशि शेष है ? योजना में राशि कम खर्च होने के क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) जी हाँ. एकीकृत बागवानी मिशन (एम.आई.डी.एच) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में रु. 10545.31 लाख एवं वर्ष 2021-22 में दिनांक 15-07-2021 तक कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है.? घटकवार विवरण ‡ संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) प्रश्नांश "क" अवधि में राशि रु. 10400.86 लाख का व्यय किया गया है तथा रु. 144.45 लाख शेष है. लक्ष्य अनुरूप भौतिक पूर्ति नहीं होने के कारण कम व्यय हुआ है. जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट पर है.

---

† परिशिष्ट "ईकसठ" †† परिशिष्ट "बासठ" ‡ परिशिष्ट "तिरसठ"

खेल/एडवेंचर गतिविधियों संबंधी जारी दिशा/निर्देश

56. (क्र. 663) **श्री विद्यारतन भसीन** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नदी/तालाब व अन्य जल स्रोतों के व्यावसायिक, खेल/एडवेंचर गतिविधियों में उपयोग के संबंध में क्या निर्देश हैं ? क्या माननीय न्यायालय द्वारा 02 वर्षों में इस संबंध में कोई निर्देश जारी किये गये हैं ? यदि हां, तो क्या ? (ख) क्या प्रदेश में इन नियमों का पालन हो रहा है ? जनवरी,2021 की स्थिति में जल स्रोतों के व्यावसायिक, खेल/एडवेंचर गतिविधियों के आयोजन कहां-कहां पर किये जा रहे हैं ? जिलेवार जानकारी देवें.

कृषि मंत्री (श्री रविन्द्र चौबे) : (क) नदी/तालाब व अन्य जल स्रोतों के व्यावसायिक, खेल/एडवेंचर गतिविधियों में उपयोग के संबंध में कोई निर्देश नहीं है. जी नहीं. (ख) माननीय न्यायालय के निर्देश की जानकारी जल संसाधनों विभाग के संज्ञान में नहीं आई है. प्रश्नांकित अवधि में जिला धमतरी के रविशंकर सागर जलाशय गंगरेल में एवं जिला कोरबा के हसदेव बांगों जलाशय (सतरेंगा) में वाट्र स्पोर्टस गतिविधयाँ पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही है.

प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि

57. (क्र. 666) **डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वर्ष 2018 से प्रश्न दिनांक तक कब-कब, कितनी-कितनी वृद्धि की गई ? वर्षवार जानकारी देवें. (ख) क्या सरकार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने का विचार कर रही है ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क)प्रदेश में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 01 अप्रैल 2018 से 1000 रुपये प्रतिमाह तथा 01 जुलाई 2019 से 1500 रुपये प्रतिमाह की वृद्धि की गई है. (ख) जी नहीं.

प्रदेश में तीर्थ यात्रा योजना से लाभान्वित हितग्राही

58. (क्र. 667) **डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में तीर्थ यात्रा योजना कब से प्रारंभ की गई है ? योजनांतर्गत, 01 जनवरी, 2019 से प्रश्न दिनांक तक कितने हितग्राहियों को तीर्थ यात्रा हेतु भेजा गया ? जिलेवार, वित्तीय वर्षवार जानकारी देवें. (ख) प्रश्नांक "क" अनुसार योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं इस वित्तीय वर्ष में कितनी राशि का प्रावधान किया गया है ? इसमें कितनी राशि का व्यय हुआ है व कितनी शेष है ? (ग) क्या योजनांतर्गत, रेल विभाग से एम.ओ.यू. किया गया है ? यदि हां, तो कब व कब तक वैद्य है ? इसी प्रमुख शर्तें क्या हैं ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती अनिला भेंड़िया) : (क) प्रदेश में तीरथ बरत योजना दिनांक 04-12-2012 से प्रारंभ की गई है. योजनान्तर्गत 01 जनवरी, 2019 से प्रश्न दिनांक तक कुल 2654 हितग्राहियों का तीर्थयात्रा हेतु भेजा गया. जिलेवार, वित्तीय वर्षवार † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) योजान्तर्गत वर्ष 2020-21 में राशि रुपये 03 लाख एवं 2021-22 में राशि रुपये 03 लाख का प्रावधान किया गया है. (ग) जी हाँ. दिनांक 16-11-2012 से 15-11-2019 तक के लिए वैद्य था. प्रमुख शर्तें † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है.

---

† परिशिष्ट "चौंसठ"

मानसून सत्र

गुरूवार, दिनांक 29 जुलाई, 2021

परिशिष्ट

III

तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 648) के भाग (क) से (ग) की जानकारी]

गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी एवं निर्मित वर्मी/सुपर कंपोस्ट/अन्य सामग्री की जानकारी

क्र	जिला	दिनांक 20.07.2020 से 19.07.2021 तक क्रय गोबर की मात्रा (टन में)	क्रय गोबर के विरूद्ध भुगतान की गई राशि (रू. लाख में)	भुगतान हेतु शेष राशि (रू. लाख में)	क्रय गोबर से निर्मित उत्पाद की मात्रा (टन में)			निर्मित उत्पाद मे से विक्रय मात्रा (टन में)			निर्मित उत्पाद मे से विक्रय हेतु शेष मात्रा (टन में)			खाद निर्माण हेतु स्व-सहायता समूहो को देय राशि (रू. लाख में)	खाद निर्माण हेतु स्व-सहायता समूहो को भुगतान की गई राशि (रू. लाख में)	स्व-सहायता समूहो को भुगतान हेतु शेष राशि (रू. लाख में)	शेष राशि का भुगतान किस तिथि तक कर दिया जावेगा	गोबर खरीदी केन्द्रो में गोबर की कमी, चोरी होने व पानी में बह जाने इत्यादि की शिकायत		
					वर्मी कम्पोस्ट	सुपर कम्पोस्ट	अन्य सामग्री	वर्मी कम्पोस्ट	सुपर कम्पोस्ट	अन्य सामग्री	वर्मी कम्पोस्ट	सुपर कम्पोस्ट	अन्य सामग्री					शिकायत प्राप्ति दिनांक	शिकायत का विवरण	की गई कार्यवाही का विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21
1	रायपुर	63413.27	1267.54	0.73	4184.004	3109.691	1069.250	3529.408	769.365	449.01	654.596	2340.326	620.24	122.06	63.62	58.44	30.07.2021	0	0	0
2	गरियाबंद	11951.09	238.48	0.54	1383.840	1004.177	26.850	359.70	4.00	26.85	1024.14	1000.177	0	11.76	7.21	4.55	30.07.2021	0	0	0
3	बलोदाबाजार	15742.39	314.85	0.00	2870.107	346.630	20.210	2353.199	241.47	20.205	516.908	105.16	0.005	74.76	55.42	19.34	प्रक्रियाधीन	0	0	0
4	महासमुन्द	18843.04	376.12	0.74	2756.402	2491.494	743.001	2383.489	1854.69	743.001	372.913	636.8	0	77.75	14.61	63.13	30.07.2021	0	0	0
5	धमतरी	23731.10	472.28	2.34	1353.650	157.450	117.460	843.09	12.11	15.66	510.56	145.34	101.8	46.70	27.68	19.03	30.07.2021	0	0	0
6	दुर्ग	25399.53	507.99	0.00	3762.700	2085.450	2435.190	3026.73	730.872	848.78	718.945	1341.36	414.429	45.73	11.18	34.54	जैसे-जैसे वर्मी खाद का भुगतान होते जा रहा है वैसे-वैसे समूहो को भुगतान किया जा रहा है।	29.08.20	भारी वर्षा से बह जाने के कारण	वसूली हेतु नोटिस जारी किया गया है।
7	बालोद	20514.92	408.92	1.38	3346.810	900.870	359.350	2088.59	97.83	180.94	1258.22	803.04	178.41	68.18	17.15	51.03	30.07.2021	0	0	0
8	बेमेतरा	12136.55	241.30	1.43	1604.025	857.800	115.600	1119.325	385.21	78.1	484.7	472.59	37.5	6.80	3.08	3.72	खाता नं. सुधार करने के पश्चात भुगतान कर दिया जावेगा।	-	-	-
9	राजनांदगांव	65861.17	1313.36	3.86	4463.810	2149.590	571.670	3175.97	173.89	321.55	1287.84	1975.7	250.12	101.26	83.04	18.22	25.07.2021	0	0	0
10	कबीरधाम	17432.77	347.69	0.96	2730.700	1294.300	13.000	2114.91	877.31	13	615.79	416.99	0	89.77	21.86	67.91	भुगतान राशि बैंक स्तर पर लंबित है	-	-	-

क्र.	जिला	दिनांक 2007.2020 से 10.07.2021 तक क्रय गोबर की मात्रा (टन में)	क्रय गोबर के विरूद्ध भुगतान की गई राशि (रू. लाख में)	भुगतान हेतु शेष राशि (रू. लाख में)	क्रय गोबर से निर्मित उत्पाद की मात्रा (टन में)			निर्मित उत्पाद में से विक्रय मात्रा (टन में)			निर्मित उत्पाद में से विक्रय हेतु शेष मात्रा (टन में)			खाद निर्माण हेतु स्व-सहायता समूहों को देय राशि (रू. लाख में)	खाद निर्माण हेतु स्व-सहायता समूहों को भुगतान की गई राशि (रू. लाख में)	स्व-सहायता समूहों को भुगतान हेतु शेष राशि (रू. लाख में)	शेष राशि का भुगतान किस तिथि तक कर दिया जावेगा	गोबर खरीदी संबन्धी से गोबर की कमी, खरी होने व पानी में बह जाने शिकायत की शिकायत		
					वर्मी कम्पोस्ट	लुप्त कम्पोस्ट	अन्य सामग्री	वर्मी कम्पोस्ट	सुपर कम्पोस्ट	अन्य सामग्री	वर्मी कम्पोस्ट	सुपर कम्पोस्ट	अन्य सामग्री					शिकायत प्राप्ति दिनांक	शिकायत का विवरण	की गई कार्यवाही का विवरण
11	बिलासपुर	12581.19	251.61	0.01	1760.615	1288.130	181.522	1109.899	391.202	94.697	650.716	896.928	86.825	39.81	24.44	15.38	शेष लाभांश राशि का भुगतान शासन स्तर द्वारा आगे की कार्यवाही में कर दिया जावेगा।	शिकायत प्राप्ति का दिनांक नियत है पृथक से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुआ है।	गौठान ग्राम मेंढर, देवरीखुर्द एवं बेलतुकरी में खाद कारखाने में खमी माटी नई की शिकायत कर गोबर का भौतिक सत्यापन दिनांक 27.06.2021 को किया जाकर पाया गया।	गौठान ग्राम मेंढर, देवरीखुर्द एवं बेलतुकरी के समिति भंडारण समिति अध्यक्ष / सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर 230 टन खरा गोबर खरीद से कटने के कारण खमी के विरुद्ध राशि रु 4.60 लाख रुपयों का कम से कटौतिक गौठान समिति के खाते में जमा कराया गया है।
12	गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	11993.83	239.88	0.00	756.742	377.141	82.500	380.732	126.639	20	376.01	232.961	10	16.06	5.74	10.33	10.08.2021	0	0	0
13	मुंगेली	12215.40	244.04	0.27	1178.150	578.565	18.030	947.064	115.104	0.4	231.086	463.461	17.63	34.25	34.25	0.00	0	0	0	0
14	जांजगीर	18491.63	369.71	0.12	2232.980	523.050	138.028	956.121	5.67	138.028	1276.859	517.38	0	73.02	6.99	66.03	30.07.2021	-	-	-
15	कोरबा	14673.81	292.38	1.10	3631.000	379.000	0.950	3067.78	34.3	0.95	563.22	344.7	0	91.79	55.50	36.30	भुगतान प्रक्रियाधीन है। निर्माण से विक्रय खाद की राशि प्राप्त होते ही भुगतान कर दिया जावेगा। सम्भावित 30.07.2021	15.06.2021	ग्राम गोढ़ना-खुरसा गोबर डोरी किये गये गोबर की मात्रा - 30 लि सूरजन प्रदाता - खम्मन सिंह कार गौठान समिति अध्यक्ष	• सदस्य धाना में सभी को दिनांक वार खाद की नई है। 2 गौठान समिति / गौठान से प्रदान के समय में दिनांक प्रतिदिन प्रति सप्ताह कार्यालय को रिपोर्ट किया गया है।
16	रायगढ़	41353.33	821.32	5.55	5357.049	210.820	214.000	4894.36	74.90	210.00	462.689	135.92	4.00	176.07	120.63	55.44	31.07.2021	0	0	0
17	सरगुजा	11146.76	221.27	1.66	1408.080	2261.820	465.300	1344.28	471.59	465.3	63.8	1790.23	0	31.28	24.68	6.60	31.07.2021	0	0	0
18	सूरजपुर	9717.76	194.01	0.34	1789.548	309.164	47.500	1767.708	111.369	7.5	21.84	197.795	40	60.87	19.40	41.47	1 माह	0	0	0
19	बलरामपुर	5794.90	115.90	0.00	1854.700	182.680	0.000	1177.12	54.17	0	677.58	128.51	0	35.28	31.30	3.98	25.07.2021	0	0	0
20	जशपुर	9952.87	199.06	0.00	1343.750	8.000	158.470	782.19	1.05	0.401	561.56	6.95	158.069	33.41	26.51	6.90	20.07.2021	0	0	0
21	कोरिया	25973.23	519.47	0.00	3147.890	687.070	181.900	2177.5	242.9	17.3	970.39	444.17	164.6	35.41	35.41	0.00	0	0	0	0
22	कवर्धा	8172.56	163.95	1.30	1676.244	222.154	14.000	1210.878	108.59	4.28	465.366	113.564	9.72	26.23	15.04	11.19	अधिकारीन	0	0	0

